दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 80 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। बुधवार, 21 जनवरी 2026 । माघ माह, शुक्ल पक्ष तृतीया, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# नितिन नबीन भाजपा के अध्यक्ष बने

## फोकस बंगाल-तमिलनाडु पर : कहा- साधारण कार्यकर्ता को असाधारण सम्मान मिला



## मोदी बोले- अब वे मेरे बॉस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। वे 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। सोमवार को फुल टाइम अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर 55 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।' बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, 'राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।

### नबीन ने 20 मिनट का भाषण दिया, कहा- हमें अपने हिस्से का त्याग करना होगा

### पीएम की तारीफ की:

हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी के देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है,वहीं बड़ा शख्स बनता है। आपने कहा था कि हम जो विकास का काम करते हैं। लोग हमसे उम्मीद करते हैं। हमसे जुड़ते हैं।

### भाजपा के नारों का जिक्र किया

भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वह समय देखा, जब अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की जनता ने धारा 370 से मुक्ति का दौर देखा। जब हम श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा लहराते हुए देखते हैं, तो गर्व की अनुभूति होती है।

### सबसे पहले राष्ट्र

जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 की समाप्ति हुई, तो कश्मीर की फिजा बदली। हम राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में, और खुद सबसे आखिर में के आदर्श पर काम करते हैं। हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। हमें अपने हिस्से का त्याग करना होगा।



### मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई : हाथ पकड़कर भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया, बेटी को गोद में उठाया

- **नितिन ने पीएम मोदी का स्वागत किया**-भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे।
- **मंच पर पीएम ने नितिन को माला पहनाई**-चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी।
- **पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर खुद बिठाया**-पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी।
- **नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए, मोदी ने पीठ थपथपाई**-नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज्ढ्व का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं।
- **चुनाव जीतने की बधाई दी, मिठाई खिलाई**-नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे।

## जो कांग्रेस की बुराइयों से बचेगा, वही आगे बढ़ेगा : पीएम मोदी

### कांग्रेस अपने पतन की जिम्मेदार:

'आज देश को याद भी नहीं होगा कि 1984 में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं और देश ने कांग्रेस को करीब-करीब 50% वोट दिया था, लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों के लिए तरस गई है। कांग्रेस अपने इस घनघोर पतन की कभी समीक्षा नहीं करती, क्योंकि अगर समीक्षा करेंगे और पतन के कारणों पर जाएंगे तो उसी परिवार पर सवाल उठेंगे, जिस परिवार ने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है। और इसलिए बहाने ढूंढते रहते हैं। पतन का सही कारण ढूंढने की हिम्मत तक खो चुके हैं। जो कांग्रेस की बुराइयों से बचेगा, वही देश में आगे बढ़ेगा।

### घुसपैठियों को देश लूटने नहीं देगा:

'आज देश के सामने बहुत बड़ी चुनौती घुसपैठियों की है। दुनिया के समर्थ देश भी अपने देश में घुसपैठियों की जांच पड़ताल कर रहे हैं और उनको पकड़-पकड़ कर निकाल रहे हैं। दुनिया में कोई अपने देश में घुसपैठियों को स्वीकार नहीं करता, भारत भी घुसपैठियों को अपने गरीबों, युवाओं के हक लूटने नहीं दे सकता। घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, उनकी पहचान करके उन्हें वापस उनके देश भेजना बहुत जरूरी है। इसके अलावा ऐसे राजनीतिक दल जो वोट बैंक की राजनीति में घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें हमें पूरी शक्ति से जनता के सामने बेनकाब करना होगा।'

### महाराष्ट्र नतीजों ने बताया भाजपा पहली पसंद:

'भाजपा सिर्फ संसद और विधानसभा की ही नहीं, बल्कि नगरपालिकाओं और नगर निगमों में भी पहली पसंद है। इसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र है। भाजपा, महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में नंबर वन पार्टी बनी है। कुल 29 में से 25 बड़े शहरों की जनता ने भाजपा-एनडीए को चुना है। कुल जितने पार्षद जीते हैं, उनमें से 50% भाजपा के हैं। ऐसे ही केरल में भाजपा के करीब 100 पार्षद हैं। ऐसे ही तिरुवनंतपुरम की जनता ने मेयर चुनाव में 45 साल बाद लेफ्ट से सत्ता छीनी और भाजपा पर भरोसा किया।'

### पिछले डेढ़ साल में जीते 4 राज्यों में चुनाव:

'बीते डेढ़-दो वर्षों में भाजपा पर जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है। विधानसभा हो या स्थानीय निकाय, भाजपा की स्ट्राइक रेट अभूतपूर्व रही है। इस दौरान देश में 6 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, इनमें से 4 चुनाव भाजपा-एनडीए ने जीते हैं।'

### भाजपा की परंपरा मेंबरशिप से ज्यादा रिलेशनशिप अहम:

भाजपा एक संस्कार है। भाजपा एक परिवार है। हमारे यहां मेंबरशिप से भी ज्यादा रिलेशनशिप होती है। भाजपा एक ऐसी परंपरा है, जो पद से नहीं प्रक्रिया से चलती है। हमारे यहां पदभार एक व्यवस्था है और कार्यभार जीवन भर की जिम्मेदारी है। हमारे यहां अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं बदलते। नेतृत्व बदलता है लेकिन दिशा नहीं बदलती।

## लद्दाख को 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों' की मेजबानी

### केंद्रीय खेल मंत्री ने मेजबानी क्षमता के लिए दी बधाई



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 का भव्य शुभारंभ मंगलवार को यहां नावांग दोरजे स्तोबदान (एनडीएस) स्टेडियम में हुआ। पारंपरिक संगीत और लोक नृत्यों से सजे रंगारंग उद्घाटन समारोह में लद्दाख के माननीय उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने खेलों की शुरुआत औपचारिक रूप से की। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी अपना संदेश दिया।

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, मैं केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को एक बार फिर खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की सफल मेजबानी और पूरे आत्मविश्वास व क्षमता के साथ यह सिद्ध करने के लिए बधाई देता हूं कि भारत के शीतकालीन खेलों का भविष्य हिमालय से आकार ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लद्दाख इस बात का प्रतीक बनकर उभरा है कि केंद्रित नीति, मजबूत बुनियादी ढांचा और स्थानीय प्रतिबद्धता से क्या हासिल किया जा सकता है। जिस उत्कृष्ट ढंग से इन खेलों का आयोजन किया गया है, वह देशभर को यह स्पष्ट संदेश देता है कि शीतकालीन खेल अब भारत की प्रतिस्पर्धी खेल संरचना का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं और इन्हें गंभीरता, व्यापक स्तर और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

## सोना 1.50 लाख, चांदी 3.12 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुनियाभर के वैश्विक बाजारों में जारी अस्थिरता का सीधा असर कीमती धातुओं पर देखने को मिल रहा है। इसी के चलते भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को राजस्थान में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में एक ही दिन में 4500 रुपए की तेजी दर्ज की गई। इसके बाद 10 ग्राम सोना 1 लाख 50 हजार 250 रुपए के ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी रिकॉर्ड उछाल देखने को मिला है। एक दिन में 12 हजार रुपए की तेजी के बाद 1 किलो चांदी की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए पर पहुंच गई है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

**सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी**-जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष भवानी सिंह ने बताया कि बीते कुछ समय से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लेकिन हाल के दिनों में दोनों धातुओं ने अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

# राजस्थान में कोहरे के कारण टकराईं गाड़ियां

## एक मौत, 24 से ज्यादा घायल, 10 जिलों में बिगड़ा मौसम, आंधी-बारिश की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में मंगलवार को घने कोहरे का असर रहा। धुंध से प्रभावित जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। बहरोड़-कोटपूतली जिले में धुंध के कारण हुए एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

बीकानेर में ट्रक और पिकअप में भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप ड्राइवर बुरी तरह फंस गया। जयपुर के चाकसू में भी धुंध के कारण 4 गाड़ियां टकरा गईं। घने कोहरे के बीच भिवाड़ी, बीकानेर सहित 10 जिलों में हवा की क्वालिटी बेहद खराब रही। वहीं, मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में 22 जनवरी से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने और उससे बादल छाने, आंधी चलने, बिजली चमकने के साथ कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना जताई है। इसके चलते मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। मावठ के कारण तापमान में भी बदलाव होगा।

### धुंध के कारण हादसे, शीतलहर ने ठिठुराया

राजस्थान में मकर संक्रांति के बाद कम हुई सर्दी, कोहरा फिर से लौटा है। बीते दो दिनों से प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में कोहरे का असर है। मंगलवार सुबह भी जयपुर, बीकानेर, भिवाड़ी, बहरोड़, टोंक, कोटा में कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही। धुंध के कारण हुए हादसे में बानसूर (बहरोड़-कोटपूतली) में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जयपुर के चाकसू में चार गाड़ियां टकरा गईं। वहीं, हनुमानगढ़ में ट्रक-बस की भिड़ंत में 24 लोग घायल हो गए। कोहरे के साथ शीतलहर भी लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों बारिश के कारण सर्दी बढ़ेगी।



### कोहरे के कारण आपस में टकराईं गाड़ियां

जयपुर जिले के चाकसू में जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 पर मंगलवार सुबह 8 :30 बजे घने कोहरे के कारण हादसा हो गया। हरियाणा रोडवेज बस, एक कंटेनर, पिकअप और ट्रक सहित चार वाहन आपस में टकरा गए। सभी वाहन कोटा से जयपुर की ओर जा रहे थे। आगे चल रहे कंटेनर को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इसी दौरान हरियाणा रोडवेज बस से भी एक पिकअप पीछे से टकरा गई, जिससे बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और वह डिवाइडर पर चढ़ गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### कोहरे के कारण बस-ट्रक में जोरदार टक्कर

हनुमानगढ़ के रावतसर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण स्लीपर बस की ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में करीब 24 लोग घायल हुए है, जिनमें 2 की हालत गंभीर होने पर उन्हें हनुमानगढ़ रेफर किया गया।

### दिन में फिर बढ़ी सर्दी

मौसम के इस बदलाव से सोमवार दिन के अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट भी हुई, जिससे लोगों को दिन में अन्य दिनों की तुलना में थोड़ी ज्यादा सर्दी महसूस हुई। पिछले 24 घंटे में जयपुर, अजमेर, भरतपुर संभाग के एरिया में हल्के बादल छाने के साथ कोहरा रहा। हालांकि उत्तरी हवा कमजोर रहने से तापमान में कोई बड़ी गिरावट नहीं हुई।

### बीकानेर में घना कोहरा

बीकानेर में जवाहर नगर, रेलवे स्टेशन इलाके सहित रात भर मौसम पूरी तरह साफ रहा। सुबह साढ़े सात बजे के बाद छाए कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रह गई।

ग्रामीण इलाकों में तो विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई थी। सुबह साढ़े आठ बजे तक लोग घरों से बाहर निकलने में सर्दी से परेशानी महसूस कर रहे थे।

### लड़ते रहें...डरे नहीं: रायबरेली में राहुल गांधी बोले-

## सरकार ने धर्म का आडंबर ओढ़ा है, जिसे बेनकाब करना जरूरी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रायबरेली में सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को भुएमऊ गेस्ट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें लड़ते रहना है और डरना नहीं है। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार धर्म का आडंबर ओढ़े हुए है, जिसे बेनकाब करना आवश्यक है। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों में उम्मीदवारों के चयन और पार्टी की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। राहुल गांधी ने कहा, हमारी तीन टर्म की सरकार में मनरेगा का जो कांसेप्ट था, उसमें पंचायतों को जिम्मेदारी देने की बात थी। उनको फाइनेंसियल रिस्पांसिबिलिटी दी जाए। उस दौरान दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के जो गरीब लोग हैं, उनके लिए मिनिमम वेज बने। जिससे कम कहीं भी किसी को वेज न मिले।

### नरेंद्र मोदी यह नहीं चाहते हैं

नरेंद्र मोदी यह नहीं चाहते हैं। वह पावर को पावर कांसेप्टेड करना चाहते हैं। वह पावर को अपने हाथों में लेना चाहते हैं और ब्यूरोक्रेसी के हाथों में डालना चाहते हैं। वह गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मुख्य बात यह नहीं है कि मनरेगा का नाम बदला गया है,लेकिन नाम बदल कर गांधी जी का अपमान जरूर किया गया है। उससे बड़ी बात है कि जो गरीब जनता है, उससे प्रोटेक्शन हटा दिया गया है। हमारी थर्ड टर्म गर्वमेंट की जो सोच थी, उसकी जड़ को काटा गया है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। जो मजदूरी करते हैं उनकी सुरक्षा में लगे हुए हैं। नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश का पूरा धन अदानी और अंबानी के साथ में चला जाए, एक तरफ हम जनता की रक्षा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी देश की जनता का पैसा खींच कर अदानी और अंबानी को देने में लगे हैं।

## बीत गए ढाई माह और नहीं हो पाया शत-प्रतिशत सत्यापन

### मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद भौतिक सत्यापन में शिथिलता

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** पेंशनर्स के वार्षिक भौतिक सत्यापन कार्य में शिथिलता चल रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद अभी तक शत-प्रतिशत सत्यापन नहीं हो पाया है। इस सम्बंध में जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली तथा निर्देशित किया। उन्होंने उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं नगरीय निकाय के प्रभारी अधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशनर्स के वार्षिक भौतिक सत्यापन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

**केवल 77.77 प्रतिशत ही सत्यापन**

उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स का एक नवम्बर से 31 दिसम्बर तक वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाता है। जिले में विभिन्न श्रेणी जिसमें वृद्धावस्था, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा, विशेष योग्यजन, सिलिकोसिस आदि में एक 44 हजार 726 पेंशनर्स है, जो पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। जिले में अभी तक 77.77 प्रतिशत पेंशनर्स का ही सत्यापन हो पाया है।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री की ओर से 31 जनवरी तक शत-प्रतिशत सत्यापन के लिए निर्देशित किया गया है। जिला कलक्टर ने शेष सत्यापन के लिए निर्देश जारी किए है। कहा कि पेंशन लाभार्थी की ओर से ई-मित्र, ई-प्लस केन्द्रों पर फिंगर प्रिंट इम्प्रेशन, बायोमेट्रिक, आयरिस स्कैन से किया जा सकेगा। वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए विकसित एंड्रायड मोबाइल एप से लाभार्थी के फेस रिकोग्निकेशन के आधार पर किया जा सकेगा।

**इस तरह कर सकेंगे सत्यापन**

बैठक में बताया कि वार्षिक सत्यापन नहीं होने पर पेशनर को सम्बंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में पीपीओ, जनाधार आदि स्वयं के दस्तावेज के साथ व्यक्तिश: उपस्थित होना होगा। ग्रामसभा की बैठक में सभी पेंशनर्स सूची को चस्पा किया जाकर अपात्र, मृत व पलायन कर चुके पेंशनर्स का आवेदन तुरन्त निरस्त करवाने के भी निर्देश दिए। 75 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनर्स का सत्यापन ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायक, नगरीय निकाय कार्मिक घर-घर जाकर राज एसएसपी एप से सत्यापन करेंगे।

## श्रीचंद खथुरिया अध्यक्ष एवं दुष्यंत सोमानी बनें सचिव

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदयपुर की वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी का मंगलवार को गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रोटे. श्रीचंद खथुरिया,सचिव रोटे. दुष्यंत सोमानी बनाये गये।

क्लब अध्यक्ष दीपक मेहता ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष रोटे. सुभाष सिंघवी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोटे. नरेंद्र मारू,उपाध्यक्ष रोटे.विनीत दमानी, क्लब सेवा निदेशक रोटे. अनिल छाजेड़,सामुदायिक सेवा निदेशक रोटे.अजय मुर्डिया, अंतर्राष्ट्रीय सेवा निदेशक रोटे. रमेश सिंघवी,युवा सेवा निदेशक रोटे. सतीश जैन,व्यावसायिक सेवा निदेशक रोटे. पी. एस. तलेसरा,वरिष्ठ संयुक्त सचिव रोटे. गौरव सिंघवी,संयुक्त सचिव रोट. अरिहंत दुगड़,सार्जेंट-एट-आर्म्स रोटे. संदीप वर्मा,निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन दीपक मेहता,अध्यक्ष निर्वाचित 2027-28 के रोटे. अजय अग्रवाल,अध्यक्ष नामित 2028-29 रोटे. विवेक व्यास,क्लब ट्रेनर एवं अध्यक्ष कार्यक्रम समिति रोटे.निर्मल सिंघवी, क्लब ट्रेनर पीडीजी डॉ.निर्मल कुणावत,क्लब सलाहकार रोटे.एस.के. महाजन, रोटे.राकेश माहेश्वरी, रोटे.प्रदीप बापना को शामिल किया गया है।

## डिस्कवरी इंटरनेशनल स्कूल में मोटिवेशनल सेमिनार, यातायात नियमों की अहमियत पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डिस्कवरी इंटरनेशनल स्कूल प्रागपुरा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत एक मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि विद्यालय चेयरमैन डॉ. आर.डी. यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मंच से संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक विश्नोई ने कहा कि सुरक्षित यातायात आज की जरूरत है। सड़क पर अनुशासन और नियमों का पालन केवल अपने लिए नहीं, दूसरों के जीवन के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन नहीं चलाने और सिग्नल प्रणाली के पालन जैसी बातों के माध्यम से सुरक्षित सड़क व्यवहार के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी यातायात व्यवस्था और सड़क हादसों से जुड़े प्रश्न पूछकर जिज्ञासा व्यक्त की, जिनका उत्तर एसपी विश्नोई ने सहजता से दिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि इस तरह के सेमिनार से युवा वर्ग में जिम्मेदारी, जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित होती है। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए चेयरमैन डॉ. यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा कोई विषय नहीं बल्कि जीवन से जुड़ा व्यवहार है, जिसकी जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए।

## अनूपगढ़ में घना कोहरा विजिबिलिटी 10 मीटर तक

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ वह आसपास के क्षेत्रों में आज घना कोहरा 10 मीटर तक सुबह से छाया रहा। वाहन चालकों को परेशानी सड़कों पर धीमी गति से चलते दिखे वाहन वहीं आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज सुबह से ही घना कोहरा धूंध के चलते वाहनों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं यातायात पर भी लेट होने के समाचार है । आज बाजार में भी सन्नाटा देखा गया। आज सूत्रों के अनुसार की जगह वाहनों के आपस में भिड़ने के समाचार है।मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में घना कोहरा छाया रहने व कहीं कहीं ओलावृष्टि व वर्षात होने का समाचार है। आज सुबह से ही आवागमन परेशानियों के चलते की जगह एक्सीडेंट भी हुए हैं। प्रशासन के अनुसार यात्रा करते समय धीरे-धीरे अपनी गाड़ी को चलाएं वह लाईट का प्रयोग अवश्य करें ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो वहीं आमजन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं कि आवश्यकता होने पर ही अपने वाहन का उपयोग करें।

# विधायक विनोद गोठवाल ने किया नि:शुल्क महिला कंप्यूटर प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** स्थानीय भेरू मंदिर के सामने स्थित सनराइज कंप्यूटर सेंटर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आरकेसीएल के तत्वाधान में आयोजित निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स का भव्य उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विनोद गोठवाल एवं आकाश महिया रहे। अतिथियों ने विधिवत रिबन काटकर आरएस-सीआईटी, आरएस-सीएफए बैच का शुभारंभ किया। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विनोद गोठवाल ने छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा ही सबसे बड़ी शक्ति है। डिजिटल साक्षरता के माध्यम से ही महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। सरकार की इन योजनाओं का उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठी महिला को भी तकनीक से जोड़ना है। वहीं इस अवसर पर सनराइज कंप्यूटर सेंटर के संचालक रामेश्वर भाटी ने बताया कि सनराइज कंप्यूटर सेंटर से 25 कंप्यूटर आरएस-सीआईटी, कोर्स में 10 एवं अकाउंट टेलीकोर्स में सिलेक्शन हुआ है कुल 35 बालिकाओं का चयन हुआ है भाटी ने आरकेसीएल के तहत संचालित सभी कोर्सेज की रूपरेखा और उनके भविष्य में लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये कोर्स छात्राओं के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

इस अवसर पर रायसिंह, सुनील राठौड़, अनमोल, विकास भाटी, नेतराम, डिप्टी सिंह, सुरेश भार्गव, अनीता भाटी, हरप्रीत सिंह, सुनीता, खुशबू, आरजू, आरती, निर्मला, रामप्रताप, दिनेश, अरुण, प्रवीण, महावीर, नरेश, कुशल, कुमकुम, तनू, रेखा, सुमित्रा, विनिता, कंचन, पूनम, तमन्ना, मन्नत, पूजा, संजू, महक और सुखमण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और छात्राएं मौजूद रहे।

# सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में प्री-प्राइमरी का वार्षिक स्पोर्ट्स डे मनाया



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में प्री प्राइमरी के नन्हे खिलाड़ियों के लिए वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। खेल दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया।

खेल दिवस के अंतर्गत प्ले ग्रुप, नर्सरी, जूनियर एवं सीनियर केजी के नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों के लिए मनोरंजक खेल व दौड़ प्रतियोगिताएँ एवं ड्रिल्स आयोजित की गईं। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण अभिभावकों की सहभागिता रही, जिन्होंने स्वयं भी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

वार्षिक स्पोर्ट्स डे के अवसर पर स्कूल के चेयरपर्सन डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक सुदृढ़ता और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करते हैं। खेल बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का मंच है।

निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास है और खेल इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य एवं सफल खेल जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी।

# मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों पर बैठकों का दौर

## प्रशासनिक व संगठनात्मक स्तर पर हुई बैठकें, व्यवस्था के सम्बंध में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को सिरोही आएंगे। उनके प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए पुलिस-प्रशासनिक व संगठन स्तर पर बैठकें हुई। प्रशासनिक बैठक में जहां व्यवस्थाओं के सम्बंध में निर्देशित किया गया, वहीं भाजपा की संगठनात्मक बैठक में लोगों को वाहनों से सभा तक लाने एवं प्रचार सम्बंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने मुख्यमंत्री के दौरे एवं जनसभा के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों पर चर्चा की तथा दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को आवंटित उत्तरदायित्वों पर निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान, एडीएम राजेश गोयल, एएसपी किशोरसिंह, माउंट आबू उपखंड अधिकारी अंशुप्रिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, सीओ मुकेश चौधरी आदि उपस्थित थे।


**पीले चावलों से देंगे सभा में आने का न्यौता**-मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत, भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, प्रदेश संगठन से हरिराम रिणवा, जिला प्रमुख अर्जुनराम आदि ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे की जानकारी हर प्रचार माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाएं। कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपते निष्ठा व समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यकर्ता शहर के प्रत्येक वार्ड में घर-घर पीले चावल देकर लोगों को न्यौता देंगे।

**कार्यकर्ताओं से सहभागिता का आह्वान** -भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अरविंद पैवेलियन में आमसभा को संबोधित करेंगे। सभा को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय सहभागी बनने का आह्वान किया गया है। लोगों को लाने-ले जाने के लिए वाहन, भोजन, पानी आदि की व्यवस्था को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, नरपतसिंह राणावत ने सिरोही नगर मंडल की बैठक ली तथा वार्ड वाइज कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी।

# स्कूली छात्रा पर तेजाब फेंकने वाला आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रा पर तेजाब फेंकने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया युवक फोटोग्राफर है और वह एक तरफा प्यार का शिकार था। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों से मिली फुटेज के आधार पर युवक के बारे में सुराग जुटाये और काबू कर लिया केसरीसिंहपुर थाना प्रभारी बलवंतराम के अनुसार बालिका के पर्चा बयान पर दर्ज मुकदमे में गांव 2 डब्ल्यू गुरूसर हाल निवासी चुंगी नम्बर 3 केसरीसिंहपुर 19 वर्षीय ओमप्रकाश उर्फ जानी को गिरफ्तार किया गया है प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि ओमप्रकाश फोटोग्राफी करता है। एक शादी समारोह में बालिका को देख वह एक तरफा प्यार का शिकार हो गया था और बालिका ने उसे डांटा भी था।



इससे कुंठित ओमप्रकाश ने नकाबपोश होकर बाइक के नम्बर छिपा कर स्कूल जा रही बालिका पर तेजाब की बोतल फेंक दी बालिका के कपड़े व एक हाथ की अगुंली झुलस गई। बच्ची का बचाव हो गया था,स्ढ्ढ गुलाब सिंह ने सुराग जुटाने के बाद आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद आज मौका-ए-वारदात पर ले जाकर बलवंत भरे बाजार में मंडी के लोगों के साथ सुभाष पार्क से मुख्य बाजार तक आरोपी को कान पकड़कर सरेआम बाजार में घुमा कर आरोपी का जुलुस निकाला ताकि पुलिस का आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय क़ायम हो सके।

## कलयुग में भक्ति ही साधन: पं. तारकेश्वर नाथ तिवारी

### हखड़ेत हनुमान मंदिर में श्रीराम कथा जारी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के प्राचीन हखड़ेत हनुमान मंदिर में 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के अंतर्गत कथा व्यास पं. तारकेश्वर नाथ तिवारी ने मंगलवार को भगवान श्रीराम के अवतार व स्वयंवर प्रसंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कलयुग में प्रभु भक्ति ही मुक्ति का एकमात्र साधन है और निरंतर कथा श्रवण से जीवन में सकारात्मकता आती है। कथा के दौरान धनुष भंग व सीता-राम स्वयंवर की कथा सुनते हुए उपस्थित भक्तों ने प्रभु के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में पं. सुरेश कुमार शर्मा, श्रवण कुमार गौड़, शंकर लाल पाकोजरा, दीपक शर्मा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा का समापन 23 जनवरी को होगा।

## डीपीएस, उदयपुर के एरीशा, रीतीशा व रेयांश का एस ओ एफ ओलंपियाड में इंटरनेशनल रैंक वन




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के तीन मेधावी छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। कक्षा आठ के रेयांश जैन और रितिशा जैन ने इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड (प्ड०) में इंटरनेशनल रैंक 1 हासिल की है, जबकि नेशनल साइंस ओलंपियाड (छै०) में भी दोनों ने इंटरनेशनल रैंक 5 प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी तरह, कक्षा दो की एरीशा नैनावटी (कैंब्रिज स्कूल) ने छैव् में इंटरनेशनल रैंक 1 हासिल कर अपने स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। प्राचार्य संजय नरवरिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि ये विद्यार्थी बाल्यकाल से ही अत्यंत प्रतिभावान और होनहार हैं। उन्होंने बताया कि रितिशा और रेयांश दोनों ने ओलंपियाड की लगभग सभी परीक्षाओं में भाग लेते हैं और अपने परिश्रम, लगन और अनुशासित जीवन से हर बार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त करते हैं। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने खुशी प्रकट करते हुए उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई प्रेषित की।

## विधि एवं मानवाधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के पद पर अधिवक्ता मनीष श्रीमाली नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के विधि एवं मानवाधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह पूनिया ने अधिवक्ता मनीष श्रीमाली को विधि एवं मानवाधिकार प्रकोष्ठ, उदयपुर जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया। मनीष श्रीमाली ने विधिक ज्ञान, अनुभव और मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी ग्रहण की है। उनके नेतृत्व में प्रकोष्ठ द्वारा आगामी दिनों में विधिक सहायता और मानवाधिकार सुरक्षा के क्षेत्र में सेवाएँ और भी सशक्त रूप से प्रदान की जाएँगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपेक्षा करती है कि वे नए जिला अध्यक्ष को हर संभव सहयोग प्रदान करें और सामाजिक-न्याय व अधिकारों के संरक्षण में सहयोगी भूमिका निभाएँ।

## राजनौता व पाथरेड़ी में उपखंड अधिकारी का औचक निरीक्षण

### स्वास्थ्य व जनसेवा संस्थानों में लापरवाही उजागर



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट डॉ. साधना शर्मा ने मंगलवार को राजनौता व पाथरेड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं जनसेवा से जुड़े विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं व लापरवाही सामने आईं। डॉ. शर्मा ने राजनौता स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जो हाल ही में उन्नत होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बना है, का निरीक्षण किया। जांच में 650 प्रकार की दवाइयाँ उपलब्ध मिलीं तथा 37 प्रकार की चिकित्सा जांच की सुविधा संचालित पाई गई। सीएचसी में नियुक्त दो चिकित्सकों में से एक चिकित्सक डेपुटेशन पर नारायणपुर में कार्यरत, जबकि दूसरा अनुपस्थित पाया गया। वहीं एक एएनएम व नर्सिंग स्टाफ मौजूद मिले। परिसर की साफ-सफाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपखंड अधिकारी ने समय पालन व स्वच्छता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके बाद राजनौता आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी दोनों अनुपस्थित, जबकि केवल एक सहायिका उपस्थित मिली। केंद्र पर बच्चे मौजूद नहीं थे, न ही साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उपखंड अधिकारी ने मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया। इसी क्रम में पाथरेड़ी स्थित अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया। जहां संचालिका व कंप्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित, जबकि एक कार्यकर्ता ही मौजूद रही। रसोई परिसर में अव्यवस्था व स्वच्छता की कमी पर उपखंड अधिकारी ने तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए संबंधित विभाग से रिपोर्ट तलब की। उपखंड अधिकारी की इस कार्रवाई को जनसेवा संस्थानों में सार्थक सुधार की दिशा में पहल माना जा रहा है।

## ग्रामीणों को थमाए नोटिस, जन आंदोलन दबाने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा क्षेत्र के लोगों ने प्रस्तावित खनन परियोजना के विरोध में किए जा रहे जन आंदोलन को दबाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रही जनता को दबाने के लिए नोटिस थमाए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि कमलेश मेटाकास्ट की प्रस्तावित खनन परियोजना के खिलाफ लोग शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। वहीं, प्रशासन की ओर से बीएनएसएस के विभिन्न धाराओं के तहत कई लोगों को नोटिस जारी किए हैं। वाटेरा, भीमाना, भारजा व रोहिड़ा पंचायत क्षेत्र के पचास से अधिक ग्रामीणों को मिले नोटिसों को सीधे तौर पर आंदोलन को दबाने की कोशिश बताया है। ग्रामीण 28 जनवरी को वृहद स्तर पर जन आंदोलन प्रस्तावित कर चुके हैं। आरोप है कि लोगों पर दबाव डालने के उद्देश्य से यह कार्यवाही करना प्रतीत हो रहा है।

**एकजुटता दिखा रहे ग्रामीण**-उधर, नोटिस जारी होने के बाद गांवों में बैठकों का दौर भी तेज हो गया है। लोग एकजुट होकर परियोजना निरस्तीकरण की मांग पर अड़िग हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह परियोजना जल, जंगल और जमीन के लिए खतरा है। इससे पशुपालन, खेती और पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि वे केवल अपनी आजीविका और पर्यावरण की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# खाटूश्यामजी फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा

## कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी प्रवीण नायक नुनावत ने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** बाबा खाटूश्याम का फाल्गुन लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू हो रहा है।फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी प्रवीण नायक ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मेले की व्यवस्थाओं से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मेले में इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी लोगों को छोडक़र सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूर्णतया बंद रहेगी। खाटू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुगम परिवहन कराने के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। श्रद्धालु यह क्यूआर कोड स्कैन कर पार्किंग स्थल तक आसानी से पहुंच सकेंगे और सुगमता से बाबा श्याम के दीदार कर सकेंगे।

### ये व्यवस्था रहेगी

ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे और उनके सीमित संख्या में पास जारी किये जायेंगे तथा बिना पास वाले ई-रिक्शा को सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मंडा मोड एवं रींगस के खाटू मोड़ से मंदिर तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। छोटी कांच की इत्र की शीशियां बेचने वालों पर अभी से कार्रवाई की जाएगी। सभी सेक्टर में मेडिकल की मोबाइल यूनिट्स स्थापित रहेगी। अग्निशमन एवं एंबुलेंस के लिए इमरजेंसी रास्ते की व्यवस्था की जाएगी। मेले से संबंधित सभी तरह की अनुमतियां देने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए श्याम सारथी के नाम से पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर सभी तरह की अनुमतियों के अप्रूवल ऑनलाइन दिए जाएंगे तथा इसी के माध्यम से मेले की समग्र मॉनिटरिंग की जाएगी। मंदिर एवं मेला परिसर में कुल 44 डिजिटल स्क्रीन्स लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से मेले से संबंधित सभी तरह की जानकारियां इन डिजिटल स्क्रीन्स पर साजा की जाएगी। खाटू श्याम जी को जोडऩे वाली सभी अप्रोच रोड्स पर क्यूआर कोड स्कैनर्स लगाए जाएंगे जिनको स्कैन कर संबंधित रूट से आने वाले भक्तगण पार्किंग स्थल का पता कर पाएंगे। मेला अवधि के दौरान श्याम कुंड पूर्णतया बंद रहेगा, मेला अवधि में डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह, एडीएम सिटी भावना शर्मा, नीमकाथाना अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, रींगस एडिशनल एसपी दीपक गर्ग, रींगस एसडीएम बृजेश गुप्ता, दांतारामगढ़ एसडीएम मोनिका सामोर, खाटू डिप्टी एसपी आनंद राव, खाटू थाना अधिकारी पवन चौबे, श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह, मैनेजर संतोष शर्मा सहित संबंधित विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी, मंदिर कमेटी एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मीटर टेस्टिंग में देरी बनी सोलर उपभोक्ताओं की परेशानी एक्सईएन कार्यालय स्तर पर लैब खोलने की मांग

## निर्वतमान पार्षद राजेश वर्मा ने एक्सईएन जीएल गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत) ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत चौमूं क्षेत्र में बढ़ती रूफटॉप सोलर सिस्टम सोलर स्थापना को देखते हुए मीटर टेस्टिंग प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर मंगलवार को निवर्तमान पार्षद राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के मोरीजा रोड स्थित जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर अधिशाषी अभियंता जीएल गुप्ता से भेंटकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने बताया कि वर्तमान में विद्युत विभाग द्वारा मीटर टेस्टिंग की सुविधा सर्किल स्तर पर ही उपलब्ध है, जहाँ विभागीय मीटरों के साथ-साथ पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत लगने वाले सोलर एवं नेट मीटरों की भी टेस्टिंग करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों एवं बढ़ते कार्यभार के कारण वर्तमान में मीटर टेस्टिंग में औसतन 15 से 20 दिन का समय लग रहा है, जबकि आगामी ग्रीष्मकाल में सोलर सिस्टम लगवाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है, जिससे यह



समय और बढ़ सकता है। वर्मा ने कहा कि मीटर टेस्टिंग में होने वाले विलंब के कारण उपभोक्ताओं को सोलर सिस्टम इंस्टॉलेशन के बावजूद लंबे समय तक सोलर चालू होने का इंतजार करना पड़ता है, जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ समय पर उपभोक्ताओं तक नहीं पहुँच पाता और आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने अधिशाषी अभियंता गुप्ता से प्रत्येक अधिशासी अभियंता कार्यालय स्तर पर मीटर टेस्टिंग लैब स्थापित की किए जाने की मांग की। जिससे मीटर टेस्टिंग की प्रक्रिया तेज हो सके, उपभोक्ताओं के सोलर सिस्टम समय पर चालू हों, विभागीय कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बने, तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उद्देश्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके।

# ग्रामीण क्षेत्र में भी सख्ती से लागू हो रहा रेरा एक्ट

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** सरकार द्वारा रियल एस्टेट रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट एक्ट (रेरा) को अब पूरी सख्ती के साथ लागू किया जा रहा है। पहले जहां रेरा का प्रभाव मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों तक सीमित माना जाता था, वहीं अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिना रेरा पंजीकरण के प्लॉट की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। नए नियमों के तहत कोई भी कॉलोनाइजर या भू-स्वामी अब बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के प्लॉट नहीं बेच सकता। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए हर आवासीय कॉलोनी का रेरा में पंजीकरण अनिवार्य होगा। इससे अवैध कॉलोनियों पर रोक लगेगी और आम जनता को धोखाधड़ी से बचाया जा सकेगा। इतना ही नहीं, नगर पालिका और नगर परिषद द्वारा कॉलोनी के पट्टे भी अब तभी जारी किए जाएंगे, जब संबंधित कॉलोनी रेरा में विधिवत रूप से पंजीकृत होगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल वैध और नियमानुसार विकसित कॉलोनियों को ही कानूनी मान्यता मिले। रेरा एक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सरकार द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बिना रजिस्ट्रेशन प्लॉट बेचने, गलत जानकारी देने या नियमों की अनदेखी करने पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। कई मामलों में प्रोजेक्ट सील करने और बिक्री पर रोक लगाने जैसी सख्त कार्यवाहियां भी की जा रही हैं। विशेषज्ञ सीए अर्पित मुद्गल का मानना है कि रेरा की इस सख्ती से रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ेगी और आम नागरिकों का भरोसा मजबूत होगा। सरकार की यह पहल न केवल खरीदारों के हित में है, बल्कि अव्यवस्थित विकास पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी।

### इनका कहना

रेरा (रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट) ज़रूरी है क्योंकि यह घर खरीदारों के हितों की रक्षा करता है, बिल्डरों से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है, धोखाधड़ी रोकता है, और विवादों के समाधान के लिए एक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर में भरोसा बढ़ता है और समय पर प्रोजेक्ट पूरे होते हैं। यह कानून घर खरीदारों को बिल्डरों द्वारा किए गए वादों से बचाता है और उन्हें गुणवत्तापूर्ण घर दिलाने में मदद करता है, जिससे निवेश सुरक्षित होता है और पूरा बाजार विश्वसनीय बनता है।

**समाजसेवी सत्यनारायण देवतवाल।**

# हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

## 7 फरवरी को होगा विरार हिन्द सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को हिन्द सम्मेलन समारोह आयोजन समिति की बैठक समिति अध्यक्ष डॉ जयराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगानी 7 फरवरी 2026 शनिवार को कस्बा पावटा में विराट हिन्दू सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने हेतु विस्तार से विचार विमर्श करते हुए व्यवस्थाओं का बटवारा कर जिम्मेदारी सौपी गई। समिति अध्यक्ष डॉ जयराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन संत समागम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शोभायात्रा, बाईक रैली, सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे! जिसके लिए समिति के सदस्य गांव गांव जाकर क्षेत्र के सभी संत महात्माओं सहित हर सामाजिक संगठन व धार्मिक संगठनों सहित हर जाति बिरादरी के प्रमुखों से सम्पर्क कर फरवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मेलन में पहुँचने का आग्रह किया जायेगा ।

तथा पावटा मगर को भगवा झण्डी व लाईट डेकोरेशन से सजाया जायेगा। इस अवसर पर पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, अशोक पारीक, हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति खण्ड अध्यक्ष गोपाल मंगल, दीपक शर्मा, सुनील पंसारी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, मोहन लाल सैनी, रोहिताश्व गुप्ता , मनीष सैन, डॉ विवेक शर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# घुमंतू-अर्ध-घुमंतू व विमुक्त समाज को मिलेगा स्थायी आवास-अनीश कुमार

## विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीश कुमार नाडार के नेतृत्व में बाबा रामदेव नगर (गुर्जर की थड़ी) क्षेत्र के घुमंतू—अर्ध-घुमंतू एवं विमुक्त समाज की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य समाज की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपना था। अनीश कुमार नाडार ने बताया कि प्रशासन की सजगता और संवेदनशीलता देखकर उन्हें खुशी हुई। जैसे ही कलेक्टर कार्यालय में प्रवेश करते ही कर्मचारियों ने समस्या जानी और कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी ने ज्ञापन लिए बिना ही मौके पर समस्याओं



का समाधान कर दिया। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार घुमंतू—अर्ध-घुमंतू और विमुक्त समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यह समाज पिछले सत्तर वर्षों से सडक़ पर जीवन यापन करने को मजबूर है और आज भी जयपुर सहित प्रदेश की सडक़ों पर भीख मांगने वालों में बड़ी संख्या इसी समाज की है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी पिछले पांच वर्षों से लगातार इनके अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है, जिसमें पत्रकार,समाजसेवी और कई जनप्रतिनिधि सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। अनीश कुमार नाडार के अनुसार राज्य सरकार द्वारा लगभग एक लाख आवासीय पट्टे तैयार किए जा चुके हैं। जिनमें से अब तक बीस हजार पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। शीघ्र ही विशेष कैंप आयोजित कर शेष पात्र परिवारों को भी पट्टे प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। साथ ही मंत्री अविनाश गहलोत और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की भी सराहना की।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं व अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

# एड.बजरंग लाल शर्मा कांग्रेस विधि,मानवाधिकार व आरटीआई विभाग के जिलाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि, मानवाधिकार व आरटीआई विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एड. कुलदीप सिंह पूनियां ने पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार कस्बे की गंगा कॉलोनी निवासी एड. बजरंग लाल शर्मा को कांग्रेस विधि, मानवाधिकार व आरटीआई विभाग का कोटपूतली- बहरोड़ जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा समेत विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एड. पूनिया,



पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. सी.पी. जोशी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर समेत पार्टी आलाकमान का आभार व्यक्त किया। संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि शर्मा की नियुक्ति पर पार्टी जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर, मुण्डावर विधायक ललित यादव, पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, महिपाल यादव, बलजीत यादव, संजय यादव बहरोड़, डॉ. आर सी यादव, पीसीसी महासचिव देव कसाना, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी व एड. सतीश निमोरिया, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव व सांवत गुर्जर, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, रमेश गुप्ता, कृष्ण गोपाल कौशिक, किशोरी लाल नेताजी, मालीराम कम्पाउंडर, सूर्यकांत शर्मा, पूर्व प्रधान रामेश्वर रावत, जगमाल सिंह यादव, रमेश जिंदल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों ने आलाकमान का आभार जताया। वहीं दूसरी और एड. शर्मा को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया। इस दौरान चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष अमरसिंह गुर्जर, मीडिया प्रभारी कमलेश मीणा, सचिव कमल शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में एड. शर्मा का बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भी स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर एड. प्रेमवीर मीणा, महेश मीणा, रामकिशन शर्मा, जितेन्द्र रावत, कन्हैया लाल गुर्जर, रामौतार नाहर, योगेश सैनी, राजेश यादव, पी.के. जोशी, मुरारी लाल शर्मा, अशोक यादव, रमाकांत शर्मा, विवेक त्यागी, सुरेन्द्र शर्मा, शिवकुमार शर्मा, मनोज खाण्डा, अशोक गुर्जर, नरेश यादव, महावीर गुर्जर, रोहिताश शर्मा, लक्ष्य भारद्वाज, सत्यवीर पायला, रमेश कुमावत, अशोक गुप्ता, ओमप्रकाश सैनी, राजेश शर्मा, कैलाश गुर्जर, हीरालाल गुर्जर, प्रदीप सैन, विजय सैनी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बीसीएमओ ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने जनता क्लीनिक गोपालपुरा रोड़ एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र खेडक़ी वीरभान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थिति पंजिका, आरसीएच रजिस्टर, हैड काउण्ट सर्वे, एनसीडी, एएनएम के द्वारा फिल्ड विजिट, एएनसी, पीएनसी, टीकाकरण की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। पाई गई कमियों पर एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक सुधार के दिशा निर्देश दिये। वहीं बीसीएमओ ने संस्थान में साफ- सफाई रखने, हैड काउण्ट सर्वे पूर्ण करने, एनसीडी का कार्य पूर्ण करने, डीडीसी में दवाईयों को सुव्यवस्थित रखने, टीकाकरण करने, यूवीन एप एवं पीसीटीएस एप पर रिपोर्ट अपडेट करने, समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होने, आई.डी. कार्ड पहनने एवं लम्बित कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।

## प्रजापत समाज ने मनाई श्रीयादे मां की जयंती



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** ग्राम पूतली में प्रजापति समाज की आराध्य कुल देवी श्रीयादे माता की जयंती शेड माता मंदिर स्थित प्रजापत समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीयादे माता उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष ताराचंद वर्मा एवं सेवानिवृत्त एसडीएम बनवारी लाल बासनीवाल ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। सेवानिवृत्त एसडीएम बनवारी लाल बासनीवाल ने श्रीयादे माता की जीवनी पर प्रकाष डाला। अध्यक्ष ताराचंद वर्मा ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति पूतली, रामावतार कुमावत, श्योराम प्रजापत, चिरंजीलाल प्रजापत, पूरण प्रजापत, हरदान प्रजापत, सत्यवीर प्रजापत, सेडूराम प्रजापत, मुकेश प्रजापत, गोपाल प्रजापत, अशोक प्रजापत, लालचंद कुम्हार, बनवारी लाल प्रजापत, जगदीश प्रजापत, जयदयाल प्रजापत समेत अन्य मौजूद रहे।

## फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय नगर परिषद कार्यालय परिसर में मंगलवार को फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शिविर में 203 फूड रजिस्ट्रेशन के आवेदन प्राप्त हुये। जिनमें से अधिकांश आवेदनो को मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड करके जारी कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि खाद्य पदार्थो के विक्रय, निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन हेतु फूड लाईसेंस या रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। अगर कोई भी विक्रेता बिना लाईसेंस व्यापार करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।



## किसानों को 72 घंटे के अंदर प्राप्त हो जले हुये ट्रांसफार्मर के बदले दूसरे ट्रांसफार्मर, निर्बाध विद्युत आपूर्ति करें सुनिश्चितः एडीएम



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने मंगलवार को कोटपूतली स्थित उपखण्ड स्तरीय विद्त निगम के स्टोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रांफार्मर के रखरखाव एवं आवश्यकता वाले स्थानों पर शीघ्र ट्रांसफार्मर पहुंचाकर लगवाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि कृषि कनेक्शन में जले ट्रांसफार्मर बदलने की आवश्यकता में अविलंब 72 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदलकर किसान को राहत प्रदान करें, जिससे की उसे किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही जिले में लगे विभिन्न ट्रांसफॉर्मर्स के नियमित रखरखाव व सुरक्षात्मक उपायों का विशेष ध्यान रखते हुये आमजन को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। स्टोर में उपस्थित सहायक अभियंता ने बताया कि जिले में जले हुये ट्रांसफॉर्मर के बदले में बदलने हेतु उपयुक्त मात्रा में ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध हैं। 19 जनवरी तक जिले में कुल 07 ट्रांसफॉर्मर जले हुये लम्बित थे, जिन्हें अविलम्ब बदल दिया जायेगा, इसके पश्चात कोई ट्रांसफार्मर बदलने का प्रकरण लंबित नहीं है। सहायक अभियंता ने बताया कि जिला कोटपूतली-बहरोड़ में जिला स्तरीय भण्डार शाखा नहीं होने के कारण जरूरी सामान एवं ट्रांसफॉर्मर अलवर/जयपुर भण्डार शाखा से उठाये जाते है। बहरोड़ सब-स्टोर को एसीओएस बहरोड़ में क्रमोन्नत करने हेतु निगम स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

## विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर घर-घर जाकर पंपलेट बाटे

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत) ।** चौमूं नगर की केशव बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन 25 जनवरी को आयोजित होगा । कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार को केशव बस्ती के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बस्ती के लोगों ने टोलिया बनाकर केशव बस्ती सहित अन्य बस्तियों में घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम के पंपलेट बांटे तथा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। व्यवस्थापक शंकर जिंदल ने बताया कि कार्यक्रम की संरचना में 25 जनवरी को प्रात: 10:30 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तनों के अनुसार केशव बस्ती के परिवारों का सम्मान समारोह रहेगा व संपूर्ण केशव बस्ती की मातृ शक्ति के आह्वान पर 1100 महिलाओं के द्वारा विशाल कलश व शौर्य यात्रा रहेगी।



## सम्पादकीय

# बंगाल 'महाजंगलराज' नहीं

बेशक करीब 6800 कंपनियों और लघु उद्योगों ने अपने दफ्तर, कारखाने, ढांचे आदि पश्चिम बंगाल से खत्म किए हैं और महाराष्ट्र, गुजरात में स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मौजूदा कार्यकाल में ही करीब 2300 कंपनियों ने बंगाल को छोड़ा है। यह औद्योगिक विकास की नकारात्मक स्थिति है, लेकिन इसके समानांतर का यथार्थ यह भी है कि आईटी, सॉफ्टवेयर क्षेत्र में इन्फोसिस सरीखी वैश्विक कंपनी कोलकाता में अपना औद्योगिक तंबू गाड़ रही है। देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह रिलायंस ने बंगाल में निवेश की घोषणा की है। सीमेंट और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों की कंपनियां बंगाल में अपने ढांचे स्थापित कर रही हैं। बेशक 2006-08 के दौर में बंगाल के सिंगूर इलाके में टाटा समूह को 'नैनो कार' का संयंत्र उठाना पड़ा और वह गुजरात के साणंद में पुनःस्थापित किया गया। यह राजनीतिक युद्ध का विवाद बना और सर्वोच्च अदालत के दखल से किसानों की करीब 1000 एकड़ जमीन वापस करनी पड़ी। दुर्भाग्य और विडंबना है कि उसमें से करीब 300 एकड़ जमीन पर ही खेती हो पा रही है। ऐसे परिदृश्य में दुष्प्रचार किया जाता रहा है कि पश्चिम बंगाल 'उद्योगहीन' राज्य है। यह तथ्यहीन प्रचार है, क्योंकि बंगाल देश की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसकी औसत विकास दर करीब 12 फीसदी है। यह राष्ट्रीय औसत से काफी बेहतर है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बंगाल का योगदान 6.15 फीसदी है। हालांकि यह योगदान कभी 10 फीसदी से अधिक होता था। पश्चिम बंगाल की गिनती गरीब राज्यों में की जाती है, क्योंकि उसकी प्रति व्यक्ति आय 1 लाख रुपए से भी कम है। हालांकि राज्य की जीडीपी 20.31 लाख करोड़ रुपए से अधिक है और 2030 तक 400 अरब अमरीकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। बंगाल में खनिजों के प्रचुर भंडार हैं। चावल, चाय, कपड़ा, जूट, कोयला, लौह और आईटी उद्योगों पर आधारित अर्थव्यवस्था एक मिश्रित, सामाजिक बाजार की अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल पर 'महाजंगलराज' का गंभीर आरोप चस्पा किया है। यह भी जनता को बताया है कि 100 घरों में से औसतन 4 घरों में ही 'नल का जल' है, जबकि यह हकीकत नहीं है। प्रधानमंत्री की 'नल से जल' योजना की शोधपरक रपट सार्वजनिक की जाए, तो ढेरों छिद्र सामने आएंगे और योजना के भ्रष्ट आचरण की कलई खुलेगी। बहरहाल आज विषय यह नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार, 18 जनवरी को बंगाल में चुनावी शंखनाद की शुरुआत की है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को विदा करने का आह्वान किया है। बंगाल में कानून व्यवस्था के निकम्मेपन, सांप्रदायिक तनाव और हिंसा, घुसपैठ, बांग्लादेशी, रोहिंग्या सरीखे अवैध प्रवासियों का संरक्षण तथा वोट बैंक, भ्रष्टाचार आदि के हालात समझ में आते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी 15 साल पुरानी सत्ता पर ढेरों सवाल किए जा सकते हैं, लेकिन महज चुनावी राजनीति के मद्देनजर उस पर 'महाजंगलराज' चस्पा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। बंगाल में राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर, 'वंदे मातरम' जैसे राष्ट्रीय गीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस से लेकर कालजयी फिल्मकार सत्यजीत रे तक महान हस्तियों की एक लंबी सूची है, जिन्होंने बंगाल की भद्र और कलात्मक संस्कृति को सींचा। उसे महज एक सरकार के क्रियाकलापों के कारण 'महाजंगलराज' करार देकर आरोपित करना 'पाप' है। चुनाव का मौसम आ गया है, तो राजनीतिक दल कुछ भी आरोप लगाएंगे, लेकिन देश का प्रधानमंत्री 'महाजंगलराज' की बात कहे, तो वह सवालिया और अस्वीकार्य होना चाहिए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 21 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2009 - कर्नाटक के बीदर में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सूर्यकिरण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।
- 2008 -भारत ने इस्त्रायल का एक जासूसी सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर उसे सफलतापूर्वक पोलर आर्बिट में स्थापित किया।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ और पूर्व क्रिकेटर इमरान ख़ान का नाम वर्ष 2007 का 'हाल आफ़ फ़ेम अवार्ड' की लिस्ट में शामिल किया गया।
- 2007 - भारत ने वेस्टइंडीज से वनडे क्रिकेट श्रृंखला जीती।
- 2003 - चालक रहित अमेरिकी टोही विमान पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त।
- 2000 - एशिया के प्रथम 'स्लिट लिवर' का प्रत्यारोपण हांगकांग में हुआ, हिमतक्षेस की बैठक मस्कट में प्रारम्भ।
- 1996 - स्वायत्त फ़िलिस्तीन के ऐतिहासिक प्रथम आम चुनाव में फ़िलिस्तीनी मुक्ति मोर्चा के नेता यासर अराफात 85 प्रतिशत मत प्राप्त कर निर्वाचित, एशिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन चीन की राजधानी बीजिंग में उद्घाटित।
- इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास यात्रियों से भरी नाव डूबने से लगभग 340 लोगों की मौत।
- 1981- तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया गया।
- 1972 - मणिपुर मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस।
- 1958 - कॉपीराइट अधिनियम लागू किया गया।
- 1924 - रैक्जे मैक्डोनाल्ड के नेतृत्व में पहली बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बनी; ग्रीस (यूनान) की स्वतंत्रता; लेनिन का निधन।
- व्लादिमीर लेनिन की मृत्यु। इसके साथ ही स्तालिन ने अपने विरोधियों और नेतृत्व के मार्ग की बाधाओं को दूर करने का काम शुरु कर दिया।
- ब्रिटेन में पहली बार लेबर पार्टी की सरकार बनी, रैक्जे मैक्डोनाल्ड बने प्रधानमंत्री।

## विशेष आलेख

# शांति का मुखौटा, सत्ता की रणनीतिः ट्रंप का वैश्विक विरोधाभास



ललित गर्ग



नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा में डूबे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व और कार्यशैली वैश्विक राजनीति के लिए एक गहरी विडंबना एवं विरोधाभास बनकर उभरी है। शांति का मसीहा बनने का उनका दावा जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही विरोधाभासी उनके कदमों का यथार्थ है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति-दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो। अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, स्थानीय जनता की सहमति और जवाबदेही- इन सबको दरकिनार कर शांति थोपने की यह कोशिश बताती है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति कोई नैतिक या मानवीय मूल्य नहीं, बल्कि शक्ति-प्रदर्शन और राजनीतिक लाभ का औजार है। इस तरह बमों के साये में शांति का दावा डकोसला ही है, जिसमें शांति का सौदा एवं सत्ता की भूख ही दिखती है। ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं-ट्रंप इसी प्रवृत्ति का मुखर चेहरा हैं।

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है। शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता-केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो, वह अचानक शांति का नया ठेकेदार कैसे बन सकता है? ट्रंप की राजनीतिक सोच में शांति किसी मानवीय प्रतिबद्धता का नहीं, बल्कि सौदेबाजी, नियंत्रण और लाभ का साधन प्रतीत होती है। इसलिए उनके प्रस्तावित शांति संस्थान की उपयोगिता पर गंभीर संदेह खड़ा होता है। बिना वैधता, जवाबदेही और वैश्विक सहमति के खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक नहीं बन सकती; वह केवल शक्तिशाली देशों की इच्छाओं को थोपने का उपकरण या जरिया ही बनती है। इस संदर्भ में ट्रंप का यह प्रयास शांति की दिशा में एक ठोस पहल नहीं, बल्कि हिंसा-प्रधान नीतियों पर पर्दा डालने और वैश्विक शासन व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने का एक और षडयंत्र एवं कुचेष्टा ही दिखाई देता है। ट्रंप की सोच में शांति का अर्थ संघर्षों का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोडऩा है। कभी वे संयुक्त राष्ट्र के समानांतर इस तरह की एक कथित शांति-व्यवस्था खड़ी करने की बात करते हैं, तो कभी ईरान पर युद्ध की धमकी देते हैं। एक ओर वे यूरोपीय देशों की तारीफ कर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर उन्हीं देशों पर व्यापारिक प्रतिबंधों और सैन्य खर्च का दबाव डालते हैं। यह दोहरा आचरण और कथनी और करनी का भेद वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। शांति की भाषा बोलते हुए हथियारों की बिक्री, सैन्य गठबंधनों का विस्तार और आर्थिक दंड- ये सब उनकी नीतियों के अभिन्न अंग रहे हैं। परिणामस्वरूप दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की आहटें तेज हैं और मानवता अस्तित्व के मुहाने पर पहुंचती प्रतीत होती है। गाजा संकट के संदर्भ में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि बिना वैधता, सहमति और जवाबदेही के थोपी गई शांति कभी स्थायी नहीं होती। यदि नागरिकों की सुरक्षा, जीवन की गरिमा और राजनीतिक अधिकारों को नजरअंदाज किया जाए, तो कोई भी समझौता खोखला साबित होगा। ट्रंप का दृष्टिकोण इन मूलभूत सच्चाइयों को अक्सर अनदेखा करता है। आर्थिक वादों को राजनीतिक अधिकारों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना एक खतरनाक भ्रम है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह जाता है। शांति तभी टिकाऊ हो सकती है जब उसमें स्थानीय लोगों की वास्तविक आवाज शामिल हो, उनके दुख-दर्द को समझा जाए और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में ईमानदार पहल हो।

# कर्म और किस्मत

*एक मनगढ़ंत कहानी है लेकिन कहीं ना कहीं इस कहानी में छुपी हुई वह सच्चाई है जो इंसान के उसे परिदृश्य को दर्शाती है जो समाज में नजर नहीं आती' एक व्यक्ति मेडिकल का काम करता था दवाइयों से संबंधित उसका काम था।*



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,अलवर

'दोस्तों कहते हैं कर्म और किस्मत दोनों एक दूसरे के पूरक हैं, दोनों एक दूसरे से मेल नहीं खाते क्योंकि कर्म करने वाले मनुष्य हमेशा कर्म को प्रधान मानते हैं और कर्म न करने वाले मनुष्य हमेशा किस्मत को प्रधान मानते हैं । एक मनगढ़ंत कहानी है लेकिन कहीं ना कहीं इस कहानी में छुपी हुई वह सच्चाई है जो इंसान के उसे परिदृश्य को दर्शाती है जो समाज में नजर नहीं आती' एक व्यक्ति मेडिकल का काम करता था दवाइयों से संबंधित उसका काम था। एक दिन उसका एक मित्र उसके पास बैठा हुआ था तो बहुत सारी दवाईयों को एकत्र कर रहा था। मित्र ने पूछा कि यार ये किस चीज की दवाई है, इतनी सारी और एक साथ एकत्र कर रहे हो,तो उसने कहा कि यह सारी दवाई एक्सपायरी डेट की है । तो मित्र बोला इन्हें डिस्ट्रॉय कहां करोगे? कैसे करोगे। अरे नही इन्हें वापस भेज देंगे और यह नई पैकिंग में नई डेट में छपकर कर आ जाएगी ताकि बाजार में दोबारा बेची जा सके। सामने वाला मित्र अचरज से बोला कि अरे यह तो गलत होगा जब यह दवाई निष्क्रिय हो जाएगी तो फिर इससे मरीज कैसे ठीक होगा?

तो मेडिकल का काम करने वाला मित्र बोला कि अब यार यह सारी चीज किस्मत की है जिनकी किस्मत में इन दवाइयां से मरना लिखा होगा या ठीक नहीं होना लिखा होगा तो ये दवाइयां उसके काम आएंगी,और हंसते हुए उसने उसे एजेंसी को फोन किया जहां एक्सपायरी डेट की दवाई नई पैकिंग में की जाती थी। समय के पंख लगे और समय बीत गया। दवाइयां का काम करने वाले व्यक्ति ने खूब पैसा कमाया और अपने बेटे को पढने के लिए शहर से बाहर भेज दिया। बेटा दिल्ली रहकर एक कोचिंग में पढने लगा । उसका बेटा एक दिन कोचिंग से आ रहा था, अचानक एक गाड़ी से टकराकर और दुर्घटनाग्रस्त हो गया और गंभीर घायल अवस्था में उसे अस्पताल में एडमिट कराया उसके पिता यानी दवाइयां का काम करने वाले व्यक्ति को सूचना मिली वह हॉस्पिटल उसके पास पहुंचा कई दिनों तक महंगे और प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के बाद उसका बेटा ठीक नहीं हुआ तो एक दिन उसकी नजर दवाइयों के रैपर पर पड़ी उसके पांव नीचे से जमीन खिसक गई। ये वही कंपनी की दवाइयां थी जो नकली पैकिंग करके दोबारा एक्सपायरी दवाइयां की डेट बदल देता था। इस कंपनी के दवाई उसके बेटे के काम आ गई दोस्तों कर्म और किस्मत की यह कहानी बड़ी अजीबोगरीब है । महान लोगों ने,संतों ने एक बात कही है कि जो हम कर्म करते हैं वही हमारी किस्मत बनती है और इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं । भगवान श्री कृष्ण ने गीता के उपदेश में अर्जुन को कर्म योग का सूत्र बताकर कर्म कैसे करने हैं, कर्म क्या करने हैं इस बात पर बल दिया और आज भी श्रीमद् भागवत गीता अकाट्यक ग्रंथ के रूप में सनातन संस्कृति की आधार बनी हुई है।

## लघु कथा

### पहचान



'ऐ! इधर लाइन में खड़े हो।' वह सकपकाकर सर झुकाए वहीं बैठा रहा। सभी को खिचड़ी, चटनी, अचार बाँटते हुए बहुत गदगद थे वे। अपनी संस्था का नाम हर दिन अखबारों के पन्नों पर देखना नित्य क्रिया का अहम हिस्सा बन गया था। खिचड़ी भरे कलछुल के साथ फैले हुए हाथों के दोनों में उतरती उनकी तस्वीरें! वे सेल्फी ले नहीं पा रहे थे। पर उनके दानवीर साथी मोबाइल का जबरदस्त उपयोग कर रहे थे। लगे हाथों उन साथियों के भी पौ बारह। सफलता की मुस्कान उनके होंठों की कोरों पर सजी रहती। प्रत्येक दिन किसी ना किसी अखबार में छपीं तस्वीरें उनकी उदारता के बखान के लिए काफी थीं। बहुत देर से किनारे बैठा एक शख्स अपनेआप में गुम था। गंदे बिखरे केश, धूल सने कपड़े, टूटी चप्पलें, पपड़ाए होंठ, काला पड़ गया चेहरा! उन्होंने फिर आवाज दी, 'ऐई! इधर आओ, तभी मिलेगी। मैं उतनी दूर से कस्बे में आया हूँ। तुम इतने पास से उठकर नहीं आ सकते।'फिर उन्होंने दनादन फोटो खींचनेवाले साथी से कहा, 'अरे! उस भिखारी को यहाँ ले...। ' '... साहब! हम भिखमंगा नहीं, अपने गाँव लौटनेवाले मजदूर हैं। हाँ, मजबूर हैं लेकिन भिखारी नहीं।' उनकी बात पूरी होने से पहले वह बिफर पड़ा।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# भारत में क्यों बढ़ रहे हैं सर्वाइकल कैंसर के मामले?

सर्वाइकल कैंसर क्या है? सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से यानी सर्विक्स में होता है। सर्वाइकल कैंसर का सबसे मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण है, जो यौन संपर्क के जरिए फैलता है। एचपीवी के कई प्रकार होते हैं, जिनमें से कुछ प्रकार लंबे समय तक शरीर में बने रहने पर कैंसर का कारण बन सकते हैं। यह संक्रमण गुदा, जननांग क्षेत्र और त्वचा से एक-दूसरे को प्रभावित करता है। हालांकि, समय पर निदान और इलाज से सर्वाइकल कैंसर से जान बचाई जा सकती है।

सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती लक्षण सर्वाइकल कैंसर की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती अवस्था में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। इसी वजह से इसे अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं, जैसे - पीरियड्स के बीच या मेनोपॉज के बाद असामान्य ब्लीडिंग संभोग के दौरान या बाद में ब्लीडिंग या दर्द असामान्य, बदबूदार या खून मिला योनि स्राव पेट के निचले हिस्से या कमर में लगातार दर्द बिना वजह वजन कम होना अत्यधिक थकान सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन क्यों जरूरी है?

एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है।

यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती, है जो वायरस को कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने से रोकती हैं। किसे लगवानी चाहिए वैक्सीन? 9 से 14 साल की लड़कियों के लिए एचपीवी वैक्सीन सबसे प्रभावी होती है, क्योंकि इस उम्र में वायरस के संपर्क में आने की संभावना कम होती है। हालांकि, 15 से 45 साल तक की महिलाएं भी डॉक्टर की सलाह से यह वैक्सीन लगवा सकती हैं। शादीशुदा महिलाओं के लिए भी वैक्सीन फायदेमंद हो सकती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए काम में कुछ कठिनाइयां लेकर आएगा। आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है, जिसका असर आपके प्रमोशन पर पड़ेगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, उनको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। संतान को कहीं बाहर नौकरी मिलने से उन्हें जाना पड़ सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ किसी

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचने के लिए रहेगा। आप किसी बात को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें और आप अपने कामों में कोई बदलाव न करें। बिजनेस में यदि उतार-चढ़ाव चल रहे थे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके पास काम अधिक रहने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे और आपके व्याकाग्रता भी बढ़ेगी, लेकिन फिर भी आपको समझदारी दिखाते हुए आगे बढऩा होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे और विदेशों से व्यापार कर रहे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। धन को लेकर कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी और आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अपने परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपके मन में यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा। आपके घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए रहेगा। आपका कोई बैंक संबंधित काम लटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है और आप किसी परिजन से मेल मिलाप करने जा सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा। यदि आप किसी काम को लेकर भटक रहे हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए आय में बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। किसी को धन उधार देने से बचें। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, जिनको लेकर आपके खर्चो भी बेतहाशा बढ़ सकते हैं। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे और बचत करने की भी योजना बनाएंगे।

## टोडारायसिंह में 22 जनवरी को आयोजित होगा एक दिवसीय खाद्य लाईसेंस/ रजिस्ट्रेशन शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार शुरू करने के लिए अपना लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके लिए टोडारायसिंह उपखण्ड में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर भवन एसबीआई बैंक के सामने बस स्टैण्ड टोडारायसिंह में एक दिवसीय शिविर का आयोजन 22 जनवरी को किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि राज्य के खाद्य सुरक्षा व औषधि नियत्रंण आयुक्त डॉ0 टी. शुभमंगला की ओर से जारी दिशा निदेशानुसार टोंक जिले में समस्त उपखण्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाकर टोंक जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो के आस पास से जुड़े खाद्य कारोबारियों के लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के लिए एक दिवसीय शिविर में खाद्य कारोबारियों के साथ विचारगोष्ठी का आयोजन कर खाद्य व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 मदन लाल गुर्जर ने सभी प्रकार के खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि शिविर में पहुंचकर अपना लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनवाएं। बिना खाद्य लाईसेंस के व्यवसाय करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सजा का प्रावधान है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त खाद्य पदार्थ कारोबार से जुडे विक्रेताओं, निर्माताओं, थोक, फुटकर, फेरीवाले, केटरिंग, ट्रांसपोर्ट, फूड प्रोडक्शन विक्रय करने, मेडिकल स्टोर्स, स्वयं सहायता समूह, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों में संचालित केंटीन, राजकीय व निजी वेयर हाउस, मदिरा दुकानें, दूध विक्रेता, डेयरी, चायपान, दुकान, फल, सब्जी, मांस- अंडे विक्रेता, चाट-पकौडी ठेलेवाले, हाट बाजार, मण्डी कारोबारी (अनाज मण्डी/फल मण्डी/सब्जी मण्डी, चाट-पताशी ठेला, कचौरी-समोसा, किराणा व्यापारी, मिठाई नमकीन वाले इत्यादि) में खाद्य कारोबार करने वाले सभी से कहा है कि वे शीघ्र शिविर में पहुँचकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत लाईसेंस एवं रजिस्टेशन प्राप्त करने के लिए आवेदन करे।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन हेतु शिव मंदिर बस्ती( इंदिरा कॉलोनी, बाल मंदिर कॉलोनी, प्रेम मंदिर कॉलोनी, केशव नगर, राज नगर ,वीरेंद्र नगर, बावरिया बस्ती, बाल्मीकि बस्ती) का विराट हिंदू सम्मेलन 8 फरवरी को माउंट टाउन क्लब बजरिया सवाई माधोपुर में दोपहर 1.00 बजे से 4.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन की व्यवस्थाओं हेतु आज अग्रसेन सदन बजरिया सवाई माधोपुर में बस्ती के आम नागरिकों की बैठक संपन्न हुई !बैठक में सर्वसम्मति से जगदीश प्रसाद गर्ग (जड़ावता वाले )को संयोजक बनाया गया। सफल आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक में कलश यात्रा शोभायात्रा और होने वाली सामूहिक विराट सम्मेलन पर रूपरेखा तैयार की गई एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंप गई जिससे आयोजन व्यवस्थित और प्रभावशाली हो सके !विराट हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्र की एकता संस्कृति एवं लोगों में राष्ट्र भाव को सुधार करने का कार्य करेगा! सभी कार्यकर्ता बैठक में सभी समाजों से सभी कॉलोनी के प्रतिनिधियों ने सहित मातृशक्ति ने भी उत्साह से भाग लिया।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत मल्टी सेक्टरल और टीबी फोरम की मीटिंग आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत मल्टी सेक्टरल और टीबी फोरम की मीटिंग जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। यह मीटिंग नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम को मजबूत बनाने और टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित हुई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ हिमांशु मित्तल ने बताया कि बैठक में पिछले वर्ष की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और आगामी लक्ष्यों पर कार्ययोजना तैयार किया गया। डॉ मित्तल ने बताया कि गत वर्ष टीबी नियंत्रण में प्रगति हुई, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौतियो को हटाने के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायतो पर जागरूक गतिविधियां आयोजित की गई जो कि एक निरन्तर प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि नई पहल डिजिटल ट्रैकिंग ऐप का विस्तार, निजी अस्पतालों से रिपोर्टिंग अनिवार्यता और पोषण किट वितरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान का लक्ष्य निर्धारण 2026 तक 100 प्रतिशत डिटेक्शन रेट और जीरो डेथ रेट सुनिश्चित करना है। सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि मल्टी सेक्टरल सहयोग के लिए शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, व अन्य विभाग स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा करता है, साथ ही अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनकर मरीजो को पोषण किट उपलब्ध करवाये।डब्लुएचओ कंसलटेंट मानवेन्द्र सिंह के द्वारा क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। मीटिंग में सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी , जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ हिमांशु मित्तल व विभिन्न विभागो के प्रतिनिधि सहित चिकित्सकगण और लायन्स क्लब, रोटेरी क्लब, रामेश्वर प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट व मानवविकास एनजीओ प्रतिनिधि, एनटीईपी स्टॉफ ने भाग लिया।

सवाई माधोपुर स्थापना दिवस

# 'रणथम्भौर रागा म्यूजिकल नाइट' में सूफी गायक पद्मश्री कैलाश खेर के सुरों पर झूम उठे हजारों लोग

बढ़ता राजस्थान





**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सोमवार रात आयोजित 'रणथम्भौर रागा म्यूजिकल नाइट' में 15 हजार से अधिक दर्शकों का उल्लास और उत्साह चरम पर रहा। देश-दुनिया के सुप्रसिद्ध गायक-संगीतकार पदमश्री कैलाश खेर द्वारा सजाई गई सुरों कि महफिल में सवाई माधोपुर और आस-पास के जिलों के युवाओं सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और बुजुर्गों ने भी गीत-संगीत के सागर में डुबकी लगाई। सांस्कृतिक संध्या अपने शिखर पर उस समय पहुंची, जब जिला मुख्यालय के दशहरा मैदान में कैलाश खेर ने अपनी जादुई आवाज़ से जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित भीड़ में मौजूद युवा, महिलाएं और बुजुर्ग दर्शक तक देर रात तक सुर-ताल और भक्ति-भाव में डूबे और नाचते-गाते रहे। एक समय ऐसा लगा मानो पूरा शहर एक साथ संगीत का उत्सव मनाने उमड़ आया हो।

इस गीत संगीत कार्यक्रम की शुरुआत सवाई माधोपुर की गौरवशाली विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और रणथम्भौर की पहचान को दर्शाने वाले विशेष वीडियो प्रेज़ेंटेशन से हुई, जिसने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। इसके बाद मंच पर कैलाश खेर के आगमन के साथ ही वातावरण तालियों और जयकारों से गूंज उठा। कैलाश खेर ने भक्ति और सूफियाना रंग में डूबी अपनी प्रस्तुति की शुरुआत करते हुए 'मैं तो तेरे प्यार में दीवाना हो गया', 'जाना जोगी दे नाल वे' जैसे गीतों से समां बांध दिया। इसके बाद उन्होंने 'बगड़ बम बम', 'तेरी दीवानी','अल्लाह के बंद', सहित अनेक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। डमरू के साथ प्रस्तुत बगड़ बम बम पर ऐसा प्रतीत हुआ मानो पूरा मैदान शिवभक्ति में लीन हो गया हो। कार्यक्रम के दौरान लोग अपने स्थान पर थिरकते रहे। कैलाश खैर ने कुछ दर्शकों को मंच पर चढक़र नृत्य करने के लिए भी आमंत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के कृषि मंत्री डॉ. लाल मीणा ने मंच पर पहुंचकर कैलाश खेर को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलती है, बल्कि जिले की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान अधिक सुदृढ़ होती है। इस संगीतमय संध्या में जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि भी सपरिवार उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारी संगीत के प्रवाह में स्वयं को रोक नहीं सके और कलाकारों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन करते रहे। पूरा वातावरण उल्लास, उमंग और सामूहिक आनंद से भर उठा। कैलाश खेर ने मंच से सवाई माधोपुर की सराहना करते हुए कहा कि यह भूमि इतिहास, प्रकृति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम है। कार्यक्रम के समापन पर भव्य आतिशबाजी की गई, जिसने आकाश को रंगीन रोशनी से भरते हुए स्थापना दिवस समारोह को एक यादगार दृश्य के साथ विराम दिया।

## पीएचईडी मंत्री चौधरी ने मण्डी परिसर में करीब दो करोड़ 52 लाख की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

बढ़ता राजस्थान




**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** नव गठित कृषि उपज मण्डी समिति की नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद भार ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मण्डी परिसर में करीब दो करोड़ 52 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यो का शिलान्यास किया। नव गठित कृषि उपज मण्डी समिति में अध्यक्ष महावीर प्रसाद धाकड़ तथा उपाध्यक्ष श्रवण लाल चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी किया तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में पीएचईडी मंत्री चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों और मजदूरों के हित के साथ साथ पैदावार बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी दे रहें हैं। उन्होंने कहा कि देश में यूरिया खाद की कमी नहीं है, लेकिन किसान खेतों में अनावश्यक रूप से खाद डालकर भूमि को बिगाडने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए नये कानून लेकर आईं, लेकिन किसानों ने बिना सोचे ही विरोध प्रदर्शन करने लगे, जिन्हें वापस लेना पड़ा। मंत्री चौधरी ने कृषि उपज मंडी में विकास की मांगों पर आश्वासन दिया। इस मौके पर कृषि उपज मंडी मजदूर यूनियन की ओर से स्वागत किया गया। कृषि उपज मण्डी समिति टोडारायसिंह अध्यक्ष संजय कुमार गर्ग ने पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से नये व्यापार को भूखंड, मण्डी परिसर के सम्पूर्ण चार दीवारी निर्माण करवाने की मांग रखी। इस मौके पर ब्लिस निदेशक राधा चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री संत कुमार जैन, पूर्व डीआर रामचंद्र गुर्जर, नगरपालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी, शहर मण्डल अध्यक्ष सुनील भारत, मोर मण्डल अध्यक्ष राजेश मीणा, संवारिया मण्डल अध्यक्ष शंकर लाल चौधरी, पार्षद प्रहलाद चांवला, जगदीश मोडकिया, पूर्व सरपंच लाडा धाकड़, मण्डी समिति सचिव दिव्या चौधरी, एसडीएम अमित चौधरी, पूर्व प्रधान शीला मीणा, करूणानिधि शर्मा, दिनेश शर्मा सोनू लक्षकार, भागचंद खरोल्या सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण, गणमान्य नागरिक और किसान मौजूद रहे। नव गठित कृषि उपज मंडी समिति में स्थानीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी, महावीर प्रसाद धाकड़, श्रवण चौधरी, हरिशंकर चौधरी, जितेंद्र सिंह, किरत मीणा, गोपाल बैरवा, सरदार गुर्जर, हंसराज गुर्जर, जगदीश सैनी तथा अरूण कुमार सर्राफ को सदस्य निर्वाचित किया गया। इस मौके पर पीएचईडी मंत्री चौधरी ने कृषि उपज मण्डी टोडारायसिंह में प्लेट फार्म से नए दूकानों तक सी.सी. सडक़ का कार्य के लिए 74.24 लाख, गौण मण्डी टोडारायसिंह में ब्लॉक सी वही के मध्य सी.सी. रोड का कार्य के लिए 31.73 लाख, गौण मण्डी टोडारायसिंह में ब्लॉक डी एवं ई के मध्य सी.सी. रोड का कार्य के लिए 31.73 लाख, गौण मण्डी यार्ड टोडारायसिंह ब्लॉक सी एवं ही के मध्य में (40&150) फीट साईज का क्वर्ड प्लेटफार्म 70 लाख रुपए, गौण मण्डी यार्ड टोडारायसिंह में मुख्य द्वार का निर्माण मय साईन बोर्ड के लिए 26 लाख रुपए, कार्यालय भवन की विशेष मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण का कार्य गौण मण्डी यार्ड टोडारायसिंह कार्य के लिए 19 लाख रुपए शामिल हैं की घोषणा की गई है।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** मंगलवार को सीएमएचओ कार्यालय के मीटिंग हॉल में पीसीपीएनडीटी एक्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण जिले के सोनोग्राफी केन्द्रो के रेडियोलॉजिस्ट, संचालक, समूचित प्राधिकारी व प्रतिनिधियो ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने सभी सोनोग्राफी सेंटरों को पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों की कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए । उन्होने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकृत सभी संस्थाओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 की पालना करनी है, बिना डॉक्टर के परामर्श के गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी नहीं करें एवं सभी प्रकार के रिकॉर्ड का व्यवस्थित रूप से संधारण करें। सीएमएचओ डॉक्टर डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में जानकारी देते हुऐ सभी से कहा की मुखबिर योजना की जानकारी की आईईसी सेन्टर पर लगाये। पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानो के बारे में जानकारी देते हुऐ कन्या भ्रुण हत्या करने वाले व्यक्तियों की सूचना विभाग तक टोल फ्री न0 104 व 108 एवं व्हाट्सेप न0 9799997795 पर देवें। मुखबिर योजना के तहत सरकार द्वारा दी जाने वाली 3 लाख की राशि के बारे में सभी को जानकारी दी। मीटिंग में जेएसए रामकल्याण शर्मा व डीपीसी आईईसी टिंकु राय व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## प्राची शर्मा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग 2026 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार करते हुए प्राची शर्मा पुत्री राजेंद्रकुमार शर्मा ने शीर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर उन्हें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा फ्लैग-ऑफ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित अन्य अतिथियों के साथ इंटरैक्टिव सत्र में भी सहभागिता की।

## टोडारायसिंह में श्री श्री यादें मां जन्मोत्सव पर भव्य कलश यात्रा,भजन संध्या व सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** श्री श्री यादें मां युवा सेवा समिति टोडारायसिंह के तत्वावधान में दो दिवसीय श्री यादे मां जन्मोत्सव का आयोजन में मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। आयोजन समिति ने बताया कि श्री यादे युवा सेवा समिति की ओर से 19 तथा 20 जनवरी को श्री यादे मां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में सोमवार रात्रि भजन संध्या श्री यादे मां मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय गायक कलाकारों ने मधुर मधुर भजन प्रस्तुत किए। देर रात तक श्रद्धालु जमें रहें। इसी प्रकार मंगलवार को प्रातः 8 बजे प्रधान कलश सहित अन्य बोली के पश्चात 9.15 बजे शिव मंदिर खारी कुई से डीजे के साथ कलश यात्रा रवाना हुई। कलश यात्रा में युवा और युवतियां सहित बड़ी संख्या में महिलाएं रंग-बिरंगे परिधान पहनने भजनों की धुन पर झुमते रहें। वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी। कलश यात्रा शिव मंदिर खारी कुई से ब्रह्म अखाड़ा, चारभुजानाथ मंदिर, माणक चौक, कटला चोराहा, आजाद मार्केट, विनायक मार्केट, स्टेट बैंक चोराहा, शाहपुरा बालाजी मंदिर, पीपली चोराहा, ज्योतिबा फूले सर्किल, भूडापोल दरवाजा, मालियान मंदिर, ताखा जी मंदिर होते हुए श्री श्री यादे मां मंदिर पहुंची। इस दौरान घोड़ा बग्घी पर मां श्री यादे लिए मुख्य यजमान विराजमान रहें। दोपहर बाद अतिथि सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भामाशाह और प्रतिभाओं और गणमान्य प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। सायंकाल 5 बजे से स्नेह भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर गणेश प्रजापति (प्रजापति समाज अध्यक्ष), रामलाल प्रजापत, सम्मेलन अध्यक्ष ओमप्रकाश समिति संरक्षक कमलेश प्रजापति समिति अध्यक्ष रामफूल समिति सचिव जगदीश, रामपाल, श्योजी, कैलाश,रमेश, राजाराम, दिनेश, सत्यनारायण, ओमप्रकाश प्रजापत, पप्पू लाल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल रहे।

3 लाख 6 हजार 198 जल कनेक्शन होंगे

# ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना:दौसा एवं सवाई माधोपुर जिलों के 1256 गांवों एवं 6 कस्बों में होगी पेयजल आपूर्ति

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान लंबे समय से पानी की कमी से जूझता रहा है, जिससे न केवल आम जनजीवन प्रभावित होता है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन पर भी असर पड़ता है। ऐसे में जल जीवन मिशन के तहत निर्माण हो रही ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना से दौसा एवं सवाई माधोपुर जिले के 1 हजार 256 गांव एवं 6 कस्बों को 3 लाख 6 हजार 198 जल संबंध किये जाएंगे। इस परियोजना से दोनों जिलों के 35 लाख आबादी को स्वच्छ पेयजल मिलेगा बल्कि पर्याप्त जल उपलब्धता से किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ होगा। प्रथम पैकेज के अन्तर्गत 225 डस्क् फिल्टर प्लान्ट एवं 2 स्वच्छ जलाशय (ईसरदा 24.5डस्, बगडी-21.5डस्) व 2 पम्प हाउस एवं कुल 341 किमी ट्रांसमिशन पाईपलाईन (इनटेक वैल से महुआ तक) बिछाने का कार्य कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा 286 किमी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा चुका है। वर्तमान में मुख्य ट्रांसमिशन पाईप लाईन, क्वाटर्स, गेस्ट हाउस, स्वच्छ जलाशय व फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर है। द्वितीय पैकेज के अन्तर्गत ईसरदा बांध पर इन्टेक वैल एवं पम्प हाउस (भवन निर्माण) कार्य किया जा रहा है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रूपये 17.82 करोड़ है। तृतीय पैकेज (अ) के अन्तर्गत लालसोट कलस्टर के तहत 302 ग्रामों की 5 लाख 57 हजार 652 जनसंख्या (2054) को 33 हजार 460 जल संबंधों के माध्यम से एवं लालसोट शहर की 69 हजार 35 जनसंख्या (2054) को लाभान्वित किया जाएगा। वर्तमान में पाईप लाईन सप्लाई व स्वच्छ एवं उच्च जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। तृतीय पैकेज (ब) के अन्तर्गत दौसा कलस्टर के तहत 248 गांवों की 5 लाख 92 हजार 868 जनसंख्या (2054) को 39 हजार 250 जल संबंधों के माध्यम से एवं दौसा शहर की 1 लाख 79 हजार 790 जनसंख्या (2054) को लाभान्वित किया जाएगा। चतुर्थ पैकेज बसवा कलस्टर पैकेज के अन्तर्गत 368 ग्रामों की 9 लाख 81 हजार 746 जनसंख्या (2054) को 58 हजार 562 जल संबंधों के माध्यम से एवं बांदीकुई शहर की 1 लाख 56 हजार 800 जनसंख्या (2054) को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। पैकेज चतुर्थ (बसवा व सिकराय) का कार्यादेश जारी किया जा चुका है। वर्तमान में पाईप लाईन सप्लाई व स्वच्छ एवं उच्च जलाशय का निमार्ण कार्य प्रगति पर है। कलस्टर के तहत 2077 किमी पाईप लाईन बिछाई जानी है, अब तक 1666 किमी पाईपलाईन बिछायी जा चुकी है। पंचम पैकेज महुआ के तहत वर्तमान में पाईप लाईन सहित स्वच्छ एवं उच्च जलाशय का निमार्ण कार्य किया जा रहा है। इस पैकेज के अन्तर्गत 315 किमी पाईप लाईन बिछाई जानी है। जिसमें अभी तक 208 किमी पाईपलाईन बिछाई जा चुकी है।

## महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को घोषित करने हेतु दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दिनाँक 19 जनवरी को श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन, अग्रवाल जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष मुकेश जैन, श्री खंडेलवाल जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण जैन, श्री बड़तला पंचायत मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, श्री श्वेताम्बर जैन बर्धमान श्रावक संघ के अध्यक्ष योगेश पालावत, श्री श्वेताम्बर जैन मूर्ती पूजक संघ सहित अलवर सकल जैन समाज के धर्मावलंबियों द्वारा राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री के नाम, माननीय श्री संजय शर्मा, वन एवं पर्यावरण मंत्री, राजस्थान,अलवर को एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें महावीर जयंती का अवकाश 31 मार्च की जगह 30 मार्च 2026 को घोषित करने हेतु निवेदन कर मांग की गई है। जैन धर्मावलंबियों की आस्था, मान्यता व जैन पंचांग अनुसार महावीर जयंती (महावीर जन्मकल्याणक )चैत्र शुक्ल त्रियोदशी को मनाई जाती रहने के कारण 30 मार्च 2026 को है। राजस्थान सरकार ने महावीर जयंती अवकाश 31मार्च 2026 का घोषित किया है जबकि महावीर जयंती 30 मार्च 2026 को है। मुंशी बाजार मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन ने बताया कि माननीय मंत्री संजय शर्मा जी ने त्वरित अनुशंसा करते हुये, माननीय मुख्यमंत्री जी राजस्थान सरकार को अवगत करा दिया है। व बताया कि इसी तरह से जयपुर व राजस्थान के अन्य जैन समाज द्वारा भी मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जा रहा है।



## वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंगलाल शर्मा विधि मानवाधिकार एवं आरटीआई के जिलाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** प्रदेश काँग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला बार काउंसिल के सीनियर एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा को विधि,मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग जिला अध्यक्ष कोटपूतली-बहरोड़ बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष इंद्राज सिंह गुर्जर ने प्रदेशाध्यक्ष सहित नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,पूर्व मुख्यमंत्री, अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, डॉ सीपी जोशी सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त कीया है।

काँग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि सीनियर एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा जी के जिला काँग्रेस -विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग जिलाध्यक्ष बनने तथा पार्टी के वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से पार्टी को नवगठित जिले में एक नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी। विधानसभा संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा के जिलाध्यक्ष बनने पर विधायक ललित यादव मुंडावर, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, पूर्व विधायक सर्व श्री महिपाल यादव, बलजीत यादव, बहरोड़ से कांग्रेस प्रत्याशी रहे संजय यादव, डॉ आर सी यादव, पीसीसी महा सचिव देव कसाणा, पूर्व पीसीसी सचिव जगदीश मीणा, पीसीसी उपाध्यक्ष (ओबीसी) रामनिवास यादव, पीसीसी महा सचिव (चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ अभिलाष मीणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सर्व श्री प्रकाश चंद सैनी (पूर्व चेयरमैन), श्री रामनिवास यादव, नेताजी हनुमान सैनी, पंश किशोरी लाल शर्मा, श्री कृष्ण गोपाल कौशिक नीमराना, डॉ माली राम कसाणा, पंश सूर्य कांत शर्मा, रमेश गुप्ता, एडवोकेट पवन सैनी, ओमप्रकाश सैनी, रामकुमार सैनी पूर्व पार्षद, सश इन्द्रजीत सिंह समेत काँग्रेस पार्टी के अनेकों पीसीसी,डीसीसी, बीसीसी (विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी) बीएलए -2 एवं सभी काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाईकमान कमान का धन्यवाद दिया और खुशी व्यक्त की है।

## पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर मे लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय रामचंद्र चावला निवासी 10 सीएराम कुटीरए सोलंकी हॉस्पिटल के पासएअलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि रविंद्र चावला ने अपनी माता जी के निधन के बाद नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत डॉ0 श्रॉफ धर्मार्थ चिकित्सा आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र रविन्द्र एवं वीरेन्द्र कावला ने उनकी उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी । उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।



## खण्डेलवाल वैश्य समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 1 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** खंडेलवाल सेवा संगठन संस्थान (रजि.), अलवर द्वारा खंडेलवाल वैश्य समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 1 फरवरी 2026 को रिवाज रिसॉर्ट, कंपनी बाग के सामने, प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस समारोह का उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और व्यक्तियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने वर्ष 2025 में शिक्षा, कला, और खेल जगत में विशेष उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। इस समारोह में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, एमबीबीएस या अन्य सरकारी कॉलेज में प्रोफेशनल विषय में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थी, सीए, सिविल सेवा, राज्य लोक सेवा, न्यायिक सेवा में चयनित व्यक्ति, और राष्ट्रीय स्तर पर कला या खेल क्षेत्र में सम्मानित होने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक शत्रुघ्न मेठी हैं, अध्यक्ष अनिल बजाज और महासचिव हरिप्रसाद खंडेलवाल हैं। संस्थान के अन्य पदाधिकारी भी इस समारोह में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह समारोह समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

# पीसीपीएनडीटी अधिनियम1994 पर कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मोती डूंगरी स्थित होटल स्वरूप विलास में किया गया। जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि सोनोग्राफी सेंटर्स पर होने वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी से सम्बंधित सभी रिकॉर्ड को संधारित करके रखना अनिवार्य है। इनमें गर्भवती महिला की सोनोग्राफी रिपोर्ट, फिल्म, डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्षन स्लिप, सहमति, फार्म एफ एवं उसका पहचान का दस्तावेज शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आपसे भ्रण लिंग परीक्षण के बारे में बात करता है तो उसकी सूचना अधिकारियों को उपलब्ध करायें, जिससे ऐसे लोगों की ट्रैकिंग कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डॉ. छबील कुमार उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प0क0), अलवर ने कहा कि सोनोग्राफी कक्ष व वैटिंग एरिया में सेंटर का पंजीयन प्रमाण पत्र व अवश्यक दस्तावेजों का प्रदर्षन अनिवार्य है। एक्ट की किसी भी धारा का उल्लंघन होने पर कम से कम तीन साल की सजा व दस हजार रूपये के जुर्माना हो सकता है। जिला प्रजनन एवं षिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने प्रषिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री निशुल्क मॉ वाउचर योजना के बारे में जानकारी दी। डॉ. महेश कुमार बैरवा उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वा0), अलवर ने कहा कि चिकित्सकों को दलालों से सावधान रहना चाहिये, कई बार डॉक्टर को पता ही नहीं होता और दलाल व स्टाफ झूठ बोल देता है। इस दौरान जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक गफूर खान ने पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित सोनोग्राफी सेंटर्स, कार्डियोग्राफी सेंटर्स, एमआरआई, सिटी स्केन, वैटेनरी व पैन क्लिनिक आदि सेंटर्स की जानकारी दी तथा सोनोग्राफी सेंटर्स पर संधारित होने वाले रिकार्ड के बारे में विस्तार से बताया। कार्यषाला में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी मनोज मेहरा, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव भट्टाचार्य, डॉ. टेकचंद, डॉ. एसएस मित्तल, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रमोद रावत, डॉ. अविनाष गोयल, डॉ. सत्यवीर सिंह, डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. सौरव कुमार सिंह, डॉ. राजेन्द्र मीणा सहित डॉ. हनि निष्चल, डॉ. बी.के. सैनी, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ बीएस सैनी व कुलदीप सिंह आर्य सहित जिले में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत पंजीकृत चिकित्सक व संस्थानों के मालिक शामिल हुये।

## मोतीवाड़ा प्लांटेशन की पहाड़ी पर भीषण आग, वन विभाग और स्कूली बच्चों की सजगता से टला बड़ा हादसा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** उपखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोतीवाड़ा प्लांटेशन स्थित पहाड़ पर अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और स्थानीय विद्यालय के स्टाफ ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आग की लपटें देखते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया। मौके पर वनपाल महेन्द्र मीना व यशवंत सिंह, सहायक वनपाल राकेश यादव व दिलीप चौहान, वन रक्षक हरिश तिवाड़ी, पवन मीना व मनोहर लाल पांडे तुरंत पहुँचे। इनके साथ सुरक्षा गार्ड हरिसिंह, कैलाश, राजेश, राजू, दुर्गादान और जीतू ने भी मोर्चा संभाला। आग बुझाने के इस अभियान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय मोतीवाड़ा के स्टाफ और स्कूली बच्चों ने भी अदम्य साहस का परिचय दिया। जैसे ही उन्हें पहाड़ पर आग लगने की जानकारी मिली, वे आनन-फानन में मौके पर पहुँचे और वन कर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए। सभी के संयुक्त प्रयासों और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। गनीमत रही कि आग को समय रहते देख लिया गया और विभागीय टीम व ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई की, अन्यथा पहाड़ पर मौजूद भारी मात्रा में वन संपदा और जीव-जंतुओं को बड़ा नुकसान हो सकता था।

## कनावदा व आरवाड़ा में तम्बाकू विरोधी जागरूकता अभियान, युवाओं ने कूची-कलम से दिया नशे को संदेश

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** युवा पीढ़ी को नशे की गर्त से बचाने और तम्बाकू मुक्त भविष्य की दिशा में मजबूत पहल करते हुए राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा विभाग एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कनावदा व आरवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. हेमंत कुमार बिंदल के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कूची और कलम के माध्यम से नशे के खिलाफ प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला कार्यक्रम अधिकारी हार्दिक जोशी ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी दी और तम्बाकू के बढ़ते दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।वहीं एनओएचपी कार्यक्रम के डेंटल असिस्टेंट कैलाश बिंवाल ने ओरल हेल्थ के महत्व को समझाते हुए बताया कि तम्बाकू सेवन से मुख कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निबंध एवं चित्रकला की दोनों श्रेणियों में पांच-पांच विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन, शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उप शाखा राजगढ़ की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कांदोली में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष हुकुम सिंह नरूका की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला कोषाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक प्रदीप मीणा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य वक्ता पवन कुमार शर्मा रहे। उन्होंने शिक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

प्रदीप मीणा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा प्रतिवर्ष 12 जनवरी (स्वामी विवेकानंद जयंती) से 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक कर्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रबोध एवं व्यावसायिक चेतना को सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम में पुष्पलता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ की भावना से कार्य करने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजेंद्र सैनी, बाबूलाल मीणा, गिर्राज मीणा, सरोज देवी, शिवानी देवी, अमृता देवी, तारा देवी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब अलवर ने सहचरी प्रोजेक्ट के तहत सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण व ग्रीन बोर्ड दिए गए



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर की महिला सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण स्थायी मासिक प्रोजेक्ट सहचरी के तहत सेनेटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण किया । इस माह ये सेनेटरी नैपकिन महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल, एन ई बी एक्सटेंशन में किया गया । रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने बताया कि सेनेटरी नैपकिन का निःशुल्क वितरण महिला सशक्तिकरण के तहत किया जाता है जो महिला स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही स्कूल को पांच ग्रीन बोर्ड भी भेंट किये गए। एक वर्ष के लिए निशुल्क सेनेटरी नैपकिन अलका गुप्ता पत्नी रोटेरियन संजीव गुप्ता द्वारा दिये जा रहे हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल, कोऑर्डिनेटर साक्षी खंडेलवाल, सुमन यादव, विकास गुप्ता आदि उपस्थित थे ।

# आपातकालीन पुकार पर दौड़े रक्तवीर

### रेडक्रॉस सोसायटी की मुहिम के तहत आरके जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजसमंद द्वारा चलाई जा रही रक्तदान करो - जीवन बचाओ मुहिम रंग ला रही है। इसी क्रम में मंगलवार को आपातकालीन जरूरत की सूचना मिलते ही कई रक्तदाताओं ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आरके जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड सेंटर पहुंचकर अनजान रोगियों की जान बचाने हेतु स्वैच्छिक रक्तदान किया। रेडक्रॉस के प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रेसिडेंट अरुण कुमार हसीजा की प्रेरणा तथा चेयरमैन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में मानद सचिव बृजलाल कुमावत के नेतृत्व में यह सेवा कार्य निरंतर जारी है। आपातकालीन स्थिति में रक्त की आवश्यकता होने पर सोसायटी द्वारा दी गई एक कॉल पर राजेश शर्मा, मुकेश देराश्री, जितेंद्र कुमार, तनिषा राठौड़, अनिल पालीवाल और कैलाश जैसे रक्तदाताओं ने तत्काल अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इस अवसर पर विशेष उत्साह दिखाते हुए बालिका तनिषा राठौड़ ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए अन्य स्वस्थ महिलाओं से भी आगे आने की अपील की। तनिषा ने कहा कि रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है, आप भी करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जन-भागीदारी से ही रक्त की मांग और आपूर्ति के अंतर को मिटाया जा सकता है। रक्तदान प्रक्रिया के दौरान मानद सचिव बृजलाल कुमावत, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, तकनीशियन युगल किशोर पालीवाल, राधेश्याम सुखवाल, दिनेश सिंह और दिलीप रैगर सहित कई सदस्यों ने अपनी सेवाएं दीं। रेडक्रॉस सोसायटी की इस त्वरित पहल और रक्तदाताओं के निस्वार्थ भाव की चिकित्सालय प्रशासन व आमजन ने सराहना की है।

**दुनियाँ यह मेरा यह तेरा में अटकी पड़ी है,जबकि सबकुछ परमात्मा का है**

# आत्माएं परमात्मा का स्वरूप,आत्मा तो परमात्मा से मिलती हैं : यादव

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आए भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने नारायणपुर,चांदपुरी,खटोटी,विजयपुरा,बानसूर,बाढ़धूँधला, बूराला, स्वास्त्यां व ज्ञानपुरा सहित दर्जनों गाँवों में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि आत्मा-परमात्मा का स्वरूप है। आत्माओं को परमात्मा से मिलना ही पड़ता है। जो कुछ उस परमपिता परमात्मा ने अपनी कलम से लिखा है वही सत्य है बाकी सब मित्थ्या !यादव ने कहा कि सनातन परम्परा में भगवान का लिखा कोई टाल नहीं सकता !यदि टाल सकता है तो स्वयं का कर्म जो उसने किए हैं। इसलिए मेरा तो यही कहना है कि जब मुझे अपने स्वयं का ही ज्ञान नहीं है कि मैं कौन हूँ तो किसके लिए परमात्मा के बताए मार्ग से भटक रहा हूँ !न कोई कुछ भौतिक सम्पतियाँ लेकर आया है न कोई लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि जाएगा तो सिर्फ उसका कर्म यानी जो उसने किया है यश या अपयश उसके साथ जाएगा ।दिवंगत आत्माओं ने हमें वह सब कुछ दिया है जो हम अर्जित भी नहीं कर सकते !जैसे अनुभव,त्यागऔऱ विश्वास !इसलिए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी जाती है ताकि जीवनभर उनके बताए मार्ग का अनुशरण करें। सही मायने में यही दिवंगत आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि है।वहीं एक प्रतिष्ठान के उदघाटन समारोह में उन्हें माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।

## मानवता का दिया परिचय-सर्व समाज हेल्प टीम समिति ने गरीब व बेसहारा लोगों को किये कंबल वितरित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड क्षेत्र में विगत कई वर्षों से जनहित के कार्य करने वाली सर्व समाज हेल्प टीम समिति राजगढ़ ने गरीब असहायों को कंबल दान किये। टीम के वरिष्ठ सदस्य अशोक बसवा, विक्रम फोजी सकट ने बताया की समिति के द्वारा सोमवार शाम रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेन बसेरा, बारलाबास, टहला चौराहा, बिजली घर, पुलिस थाना के पास सहित सार्वजनिक स्थलों पर जरूरतमंदों की मदद की। भीषण शीतलहर को देखते हुए ठिठुर रहे लोगों को मौके पर ही कंबल ओढ़ाए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी नजर आई। राकेश मीना व सैतान भाकरी ने कहा कि समिति हर वर्ष जरुरतमंद परिवार की मदद करतीं आई है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखेंगे गर्मीयों में बेजुबान जानवरों के लिए चुग्गा दाना डालना और परिंडे लगाने का कार्य करेंगे। सभी सदस्यों ने सेवा संकल्प लेते हुए सामर्थ्यवान लोगों से गरीबों की मदद करने की अपील की। इस सेवा कार्य में राजगढ़ उपखंड के जनसेवक जुगनू तमोली सहित टीम सक्रिय सदस्य शैलेन्द्र खटाना, पप्पू बैरवा थोसडा, विक्रम फोजी, प्रमोद सैनी सकट, सैतान भांकरी, अशोक बसवा, राकेश कोठी नारायणपुर, सुनील भाकरी दीनू डीलर दुब्बी मुकेश सहित टीम के सदस्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रेल यात्रियों को एक ही ऐप पर मिल रहीं कई सुविधाएं

## अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत छूट से यात्रियों को सीधा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** रेल यात्रियों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा विकसित एकीकृत मोबाइल ऐप के माध्यम से अब यात्रियों को रेलवे से जुड़ी अनेक सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो रही हैं। इससे यात्रियों को अलग-अलग काउंटरों और विभिन्न ऐप्स पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं रह गई है। इस डिजिटल सुविधा के तहत यात्री आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग के साथ-साथ पीएनआर स्थिति, लाइव ट्रेन स्थिति, ट्रेन खोज, कोच एवं सीट लोकेशन, तथा ट्रेन में भोजन बुकिंग जैसी सेवाओं की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते हैं। इससे यात्रा से पूर्व और यात्रा के दौरान जानकारी जुटाना यात्रियों के लिए सरल हो गया है।



### काउंटरों पर भीड़ से राहत, खुले पैसों की समस्या का समाधान

डिजिटल माध्यम से टिकट बुकिंग की सुविधा के कारण यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर लंबी कतारों में लगने से राहत मिल रही है। साथ ही नकद भुगतान के दौरान खुले पैसों की समस्या से भी निजात मिल रही है, जिससे समय की बचत के साथ यात्रा अधिक सहज बन रही है। अनारक्षित टिकट पर आर्थिक लाभ
डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर 3 प्रतिशत की छूट की सुविधा दी जा रही है, जो 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी। यह छूट यूपीआई, मोबाइल वॉलेट, नेट बैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड सहित सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू है। इससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधी आर्थिक बचत हो रही है।

### सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल व्यवस्था

डिजिटल टिकटिंग प्रणाली सुरक्षित एवं पारदर्शी है, जिससे यात्रियों को भुगतान और टिकट से संबंधित जानकारी विश्वसनीय रूप से प्राप्त होती है। यात्रा से जुड़ी सूचनाएं मोबाइल पर उपलब्ध होने से यात्रियों में भरोसा और सुविधा दोनों बढ़ी हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि 'एकीकृत डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से यात्रियों को रेलवे की कई आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत हो रही है, बल्कि यात्रा अनुभव भी अधिक सरल और सुरक्षित बन रहा है।'

## जिले में घुसपैठिए हैं तो प्रशासन सार्वजनिक करे जानकारी : राखी गौतम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** कोटा शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिले में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद यह सार्वजनिक किया जाए कि कोटा जिले में कितने बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठिए निवास कर रहे हैं। राखी गौतम ने कहा कि भाजपा के विधायक लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि कांग्रेस घुसपैठियों को पसंद करती है। ऐसे में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि जो लोग वर्षों से जिले में रहकर मतदान करते आ रहे हैं और जिनके वोटों से भाजपा सत्ता में आई है, क्या वे सभी घुसपैठिए हैं। प्रशासन को इस विषय में तथ्यात्मक स्थिति जनता के सामने रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए हर बार घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात करती हैं, लेकिन जब कार्रवाई का समय आता है तो सरकार पूरी तरह विफल नजर आती है। राखी गौतम ने जिला प्रशासन से मांग की कि यदि जिले में वास्तव में घुसपैठिए हैं तो भाजपा सरकार उनके विरुद्ध ठोस और पारदर्शी कार्रवाई करे। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि जिस प्रकार राहुल गांधी द्वारा आपत्ति दर्ज कराने पर उनसे एफिडेविट मांगा गया था, उसी प्रकार जिन बीएलए द्वारा फार्म संख्या-7 के माध्यम से आपत्तियां दर्ज की गई हैं, उनसे भी एफिडेविट लिया जाए। यदि उनके द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाती है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।



## पिक्सल्स ने बदली पावर इंडस्ट्री की परिभाषा

### 'न्यू एज फैक्ट्री' में आयोजित हाड़ौती डीलर कॉन्फ्रेंस में जुटे 120 से अधिक डीलर्स

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** पावर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में तेजी से उभरते ब्रांड पिक्सल्स ने 17 जनवरी 2026 को अपनी अत्याधुनिक न्यू एज फैक्ट्री में हाड़ौती डीलर कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया। सम्मेलन में हाड़ौती अंचल के 120 से अधिक डीलर्स ने भाग लिया। यह आयोजन पिक्सल्स के पैन-इंडिया हाउसहोल्ड ब्रांड बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में कंपनी की अगली पीढ़ी के नेतृत्व के रूप में आयुष बाफना और अमन बाफना द्वारा कार्यभार संभालने की घोषणा की गई। उनके नेतृत्व में कंपनी ने अत्याधुनिक आईटी सिस्टम अपनाते हुए पूरी तरह डेटा-ड्रिवन वर्किंग कल्चर की शुरुआत की है, जिससे पारदर्शिता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



डीलर्स को न्यू एज फैक्ट्री का भ्रमण कराया गया, जहां पूर्णतः ऑटोमेटेड मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वॉल-माउंटेड लिथियम-आयन होम यूपीएस तथा उद्योग की सबसे बड़ी स्टेबलाइजर्स रेंज लॉन्च की गई। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण 24&7 उपलब्ध व्हाट्सऐप एआई एजेंट रहा, जिसे डीलर्स ने बेहद उपयोगी बताया। वर्तमान में 10 राज्यों में सक्रिय पिक्सल्स अगले दो वर्षों में उत्तर भारत में विस्तार की तैयारी कर रहा है।

## फसल खराबे के अनुदान वितरण में गति लाएं-जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने निर्देश दिए हैं कि जिले में आधार कार्ड बनवाने, संशोधन एवं जन्म प्रमाण पत्र संबंधी कार्य प्राथमिकता से किए जाएं ताकि कोई भी पात्र जन सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में खरीफ फसल आदान अनुदान, सरकारी विद्यालयों में यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी से भुगतान, खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत अपील और नए नाम जोडऩे, सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत पालनहार योजना और पेंशन प्रकरणों के भौतिक सत्यापन की प्रगति की भी समीक्षा की। कलक्टर ने आधार पंजीकरण एवं संशोधन इत्यादि व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए ताकि बच्चों के आधार और जन आधार कार्ड बन सकें। ई-केवाईसी कार्य भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि पात्र जन सरकारी योजनाओं का बिना किसी व्यवधान के लाभ उठा सकें। इसी तरह जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की व्यवस्थाएं भी सुचारू रखी जाएं।

विद्यालयों में यूनिफॉर्म के भुगतान हेतु डीबीटी व्यवस्था की जानकारी ली और शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। खरीफ फसल खराबे पर आदान अनुदान वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रभावित किसानों के शत प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र किया जाए। फार्मर रजिस्ट्री में गति लाने के निर्देश दिए।भूमि आवंटन के प्रकरण की समीक्षा कर इनके निस्तारण के भी निर्देश दिए।

## मतदाता सूची में नव मतदाताओं को जोडऩे के लिए आवासीय कॉलोनी में जनप्रतिनिधि द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने 18 वर्ष की आयु में प्रवेश करने वाले बच्चों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया है। जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि कॉलोनीवासियों की मांग पर उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसरों से बात की एवं कॉलोनी में चिन्हित जगहों पर शिविर लगाने का निर्णय किया जिसमें 20 जनवरी को मुक्तेश्वर महादेव मंदिर अणु किरण कॉलोनी, 21 को टाईप 2 पार्क अणु प्रताप कॉलोनी,22 को एल शेप क्लस्टर के सामने अणु प्रताप एवं अणु तारा कॉलोनीवासियों के लिए सभी बूथ लेवल ऑफिसर के साथ सायंकाल 4.15 बजे से 6.15 बजे तक मौजूद रह कर कॉलोनवासियों की मदद करने का निर्णय लिया। विशेष शिविर में नए मतदाताओं के फॉर्म नंबर 6 भरवाए जा रहे है, जिन मतदाताओं को मतदाता सूची से अपने नाम हटवाने है उनसे फॉर्म नंबर 7 एवं जिन मतदाताओं के पहले से मतदाता पहचान पत्र बने है और उन्हें अपने पहचान पत्र में कोई संशोधन करवाना है जैसे नाम, उपनाम, रिश्तेदार का नाम, जन्म तारीख, पता, मोबाइल नंबर जोडऩा हो ऐसे मतदाताओं से फॉर्म नंबर 8 भरवाए जा रहे है। इस विशेष शिविर की सूचना सोशल मीडिया की मदद से कॉलोनीवासियों को कर दी गई थी। विशेष शिविर में बुथ लेवल ऑफिसर हश्वर्धन सिंह, नमन वर्मा, विशंभर मीणा ने अभियान में सहयोग किया ,कॉलोनी से राजू चौधरी, रंजना पुरोहित ने कॉलोनीवासियों के फॉर्म भरवाए। कॉलोनीवासियों ने चिन्हित जगहों पर विशेष शिविर लगाए जाने पर मनीष गिरी के कार्यों की सराहना की।



## रामगंजमंडी में गौ महोत्सव और श्रीराम कथा का आयोजन: पुलिस ने की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** आगामी 22 से 25 जनवरी तक रामगंजमंडी क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का क्रम श्रृंगारित होगा। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 23 से 25 जनवरी तक थाना मोडक क्षेत्र के फतेहपुर, गुणदी और रिको एरिया में आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री महाराज की भव्य श्रीराम कथा का आयोजन प्रस्तावित है। इसके पहले 22 जनवरी को रामगंजमंडी में गौ महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। डीएसपी घनश्याम मीणा के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी संदीप कुमार शर्मा ने सवारी वाहन चालकों, ऑटो व मैजिक चालकों की बैठक आयोजित की और उन्हें विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। मुख्य दिशा-निर्देश इस प्रकार हैं।आयोजन के दौरान निर्धारित मार्ग में कोई भी वाहन अनियंत्रित या बिना अनुमति खड़ा नहीं होगा। ट्रैफिक सुचारू रूप से चलाने के लिए वाहन केवल सफेद पट्टी के भीतर खड़े किए जाएँ। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को वाहन में बैठे देखने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। चालकों को यातायात नियमों की पूरी जानकारी दी गई। कथा स्थल पर आने-जाने वाले यात्रियों के साथ विनम्र और सहयोगपूर्ण व्यवहार किया जाएगा। यदि किसी के पास किराया नहीं है, तो उन्हें कथा स्थल तक पहुँचाने में मदद की जाएगी। कोई भी चालक निर्धारित किराए से अधिक शुल्क नहीं लेगा। पारदी समुदाय के व्यक्तियों से भी विशेष समझाइश दी गई गौ महोत्सव और श्रीराम कथा के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा कानून व्यवस्था भंग करने या चोरी-चकारी जैसी घटनाओं में शामिल होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी बाहरी गिरोह का प्रवेश होता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित किया जाएगा। पुलिस प्रशासन का यह प्रयास सुनिश्चित करेगा कि रामगंजमंडी में होने वाले ये धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन पूरी तरह शांति, सुव्यवस्था और श्रद्धा के साथ संपन्न हों।



## कोटा विश्वविद्यालय में 22 जनवरी को राष्ट्रीय सिंधी संगोष्ठी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(श्याम गौड़)।** कोटा विश्वविद्यालय की सिंधु अध्ययन शोधपीठ के तत्वावधान में 22 जनवरी, गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद (एनसीपीएसएल), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे तथा विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में देशभर से प्रख्यात विद्वान, भाषा विशेषज्ञ, शोधार्थी एवं अध्येता भाग लेंगे। संगोष्ठी के अंतर्गत दो तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रवि टेकचंदानी, एनसीपीएसएल बोर्ड के प्रतिनिधि मनीष देवनानी सहित अन्य विद्वान अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

## 'तुगलकी फरमान' के खिलाफ बूंदी के वकीलों का हल्ला बोल: सरकार को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान सरकार द्वारा स्टाम्प ड्यूटी एक्ट में किए गए संशोधनों और राजस्व न्यायालयों में ऑनलाइन प्रक्रिया की अनिवार्यता ने प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में आक्रोश की ज्वाला भडक़ा दी है। अभिभाषक परिषद बूंदी ने इसे नोटरी अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन और आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने वाला 'तुगलकी फरमान' करार दिया है।

**कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सीएम और केंद्रीय कानून मंत्री को भेजा ज्ञापन :** 20 जनवरी 2026 को दोपहर में अभिभाषक परिषद बूंदी के अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ व सचिव पंकज दाधीच के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

**क्यों है अधिवक्ताओं में रोष? :** प्रवक्ता ओराक नैय्यर ने जानकारी दी कि अधिवक्ताओं की यह लड़ाई केवल उनके अधिकारों के लिए नहीं, बल्कि आम जनता के हितों की रक्षा के लिए भी है। स्टाम्प ड्यूटी एक्ट और नियमों में संशोधन कर नोटरी द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों को सीमित करना अवैधानिक है।

**जटिल ऑनलाइन प्रक्रिया:** राजस्व न्यायालय में दावे, अपील और स्टे प्रार्थना पत्रों की ऑनलाइन प्रस्तुति की प्रक्रिया अत्यंत कठिन है।नई व्यवस्था से पक्षकारों (जनता) पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और न्याय पाना महंगा हो जाएगा। सरकार न्याय व्यवस्था को सुलभ बनाने के बजाय उसे जटिल बना रही है। अगर इन अव्यावहारिक फैसलों को वापस नहीं लिया गया, तो अधिवक्ता सडक़ों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

**नारायण सिंह गौड़ अध्यक्ष, अभिभाषक परिषद बूंदी :** इस विरोध प्रदर्शन में परिषद के उपाध्यक्ष अनीस मोहम्मद बंटी, सचिव पंकज दाधीच, सह सचिव किशन वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य हेमराज मीणा, अंकित शर्मा, अरविंद शर्मा, रानू खंडेलवाल, राकेश ठाकोर, भूपेंद्र सहाय सक्सैना, महेंद्र जैन, संजय जैन, अमित निंबार्क, मुकेश शर्मा, मनीष जैन श्रीमाली, सुनील गौतम, अजय गौतम, नफीसुर रहमान, पवन मालिक, मोनिस नायक, राम गुजर, कुलदीप सिंह गौड़, संदीप सिंह, जितेंद्र जादोन, राकेश वर्मा एवं भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् रैली निकाली



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** वंदे मातरम् गीत के लिखे जाने के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार के वर्षभर चलने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई द्वारा पूरे वर्ष के कार्यक्रम के लिए जारी निर्देशानुसार परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 के विद्यार्थियों ने मंगलवार को विद्यालय से चलकर एन.पी.सी.आई.एल. की आवसीय कॉलौनी में घूमकर वंदे मातरम् रैली निकाली। हाथों में तिरंगा थामे विद्यालय के बैनर के साथ वंदे मातरम् उद्घोष करते हुए विद्यार्थियों ने देश प्रेम की अद्भुत छवि प्रस्तुत की। विद्यालय से रैली को प्राचार्य महेन्द्र कुमार मीणा ने झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही सडक़ पर चलते हुए सुरक्षा का भी ध्यान रखने के आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्राचार्य के साथ शिक्षकों में डॉ. बनवारी लाल चौधरी, मिथिलेश कुमार झा, डी.आर. गोचर, हुमेरा जीनत, विकास चौधरी व अनूप पाठक उपस्थित रहे। रैली का मार्गरक्षण मिथिलेश कुमार झा, डी.आर. गोचर, हुमेरा जीनत व अनूप पाठक ने किया।

## कोटा विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 23 जनवरी को




बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** कोटा विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 23 जनवरी 2026 को कृषि प्रबंध संस्थान स्थित ऑडिटोरियम, नयापुरा में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति करेंगे। वर्ष 2023 की परीक्षाओं में उत्तीर्ण कुल 80,117 विद्यार्थियों को यूजी, पीजी एवं पीएच.डी. की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने बताया कि विभिन्न संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 59 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 17 छात्र एवं 42 छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं की उल्लेखनीय सफलता विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा का प्रमाण है। रजिस्ट्रार राजपाल सिंह ने बताया कि कुल 81 शोधार्थियों को पीएच.डी. उपाधि दी जाएगी, जिनमें 44 छात्र एवं 37 छात्राएं हैं। संकायवार पीएच.डी. में विज्ञान संकाय अग्रणी रहा। समारोह का सीधा प्रसारण विश्वविद्यालय की वेबसाइट, फेसबुक एवं यूट्यूब के माध्यम से किया जाएगा।

## बिना टिकट यात्रा पर सख्ती: नौ माह में तीन लाख यात्री पकड़े गए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.सं.)।** मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन के निर्देशानुसार पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में बिना टिकट एवं अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध निरंतर सघन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अप्रैल से दिसंबर 2025 तक नौ माह की अवधि में कोटा मंडल के टिकट जांच कर्मचारियों द्वारा बिना टिकट, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट के कुल लगभग तीन लाख प्रकरण पकड़े गए। इन मामलों में यात्रियों से अतिरिक्त किराया एवं जुर्माने के रूप में 20 करोड़ 02 लाख रुपये वसूले गए। रेल प्रशासन के अनुसार यह आंकड़ा यह दर्शाता है कि बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को यात्रा के दौरान न केवल आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, बल्कि अनावश्यक असुविधा और कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष की तुलना में इस प्रकार के मामलों में 7.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रथम कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/जयपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ प्रदेश की ज्वलंत जनसमस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्रीमती नूरी खान जी, राष्ट्रीय सचिव श्रीमती दीप्ति सिंह जी तथा राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में नेताओं ने प्रदेश में महिला सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार को पूरी तरह विफल बताया। साथ ही मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने के सरकार के प्रयासों के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में तय किया गया कि महिला कांग्रेस प्रदेशभर में महिला सुरक्षा और मनरेगा के मुद्दे पर जनजागरूकता अभियान एवं आंदोलन को तेज करेगी। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से आगे ले जाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव श्रीमती रिक्की सिंह हंतरा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

## किसान सम्मान निधि वृद्धि से धरतीपुत्र प्रसन्न, सीताराम गुप्ता बोले - सीएम शर्मा किसानों के हितैषी

### टूरिज्म रोजगार का एक बड़ा जरिया - सीताराम गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** समृद्ध भारत अभियान संस्था ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को किसान,शहरी व ग्रामीण विकास, जनकल्याण और एसआईआर में देशभर में प्रथम स्थानप्राप्त करने पर आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी। निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा के गुजरे दो साल के कार्यकाल में किसान, शहरी व ग्रामीण विकास, जनकल्याण, एसआईआर क्षेत्र में

उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। आज ये प्रदेश में विकास पुरुष व किसानों के हितैषी बने हुए हैं। सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में तीन हजार रु की अतिरिक्त वृद्धि करके , इसे 12 हजार रु करना प्रदेश के करोड़ों किसानों को एक सशक्त आर्थिक संबल सिद्ध होगा।गुप्ता ने बताया कि बढ़ती कृषि लागत , महंगाई को देखते हुए यह निर्णय किसान आत्मनिर्भरता और स्थायित्व को नया आधार प्रदान करेगा। साथ ही राज्य के 41 ब्लॉकों को गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक योजना के अंतर्गत चिन्हित करना ग्राम विकास,सामाजिक जागरण, युवाओं में राष्ट्रबोध, स्वावलंबन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार के समन्वित विकास की दिशा में अत्यंत परिवर्तनकारी कदम है। यह योजना न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि विचार, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की चेतना को भी ग्राम स्तर तक सशक्त करेगी।प्रदेश द्वारा विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआई आर अभियान में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना राज्य सरकार की कार्यकुशलता, प्रभावी निर्देशन और विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय का प्रमाण है। इससे आगामी चुनावी प्रक्रियाएँ अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और सटीक बनेंगी।

## नगर पालिका बिजली चोरी कर रही थी:विभाग ने 2 लाख का लगा जुर्माना, कनेक्शन काटने के बाद फिर से जोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** डीग जिले की पहाड़ी नगर पालिका बिजली चोरी कर रही थी। जब बिजली विभाग को इसका पता लगा तो, बिजली विभाग ने पहाड़ी नगर पालिका के नाम करीब 2 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नगर पालिका की हाई मास्क और स्ट्रीट लाइटें चोरी की बिजली से चल रही थी। इसके बारे में पता लगने के बाद कनेक्शन को काट दिया गया है।

### नगर पालिका ने डिमांड नोटिस नहीं भरा

बिजली विभाग के एईएन धनंजय कुमार ने बताया कि पिछले 3 महीने से नगर पालिका की स्ट्रीट और हाई मास्क लाइटें जल रहीं हैं। 4 नवंबर को पहाड़ी नगर पालिका के लिए डिमांड नोटिस भेजा गया था लेकिन, पहाड़ी नगर पालिका की तरफ से डिमांड नोटिस की राशि जमा नहीं करवाई गई। राशि जमा नहीं होने पर बिजली विभाग ने लाइटों के कनेक्शन दिसंबर काट दिए।

### 1.91 का लगाया जुर्माना

उसके बाद फिर से नगर पालिका ने चोरी छुपे कनेक्शन कर लिए, जब इसके बारे में बिजली विभाग को पता लगा तो, बिजली विभाग ने 10 जनवरी को फिर से सभी कनेक्शन काट दिए। साथ ही 19 जनवरी को 3 महीने तक लाइट जलाने के एवज में 1 लाख 91 हजार 160 रुपए का जुर्माना लगाया।

### नगर पालिका ईओ को जानकारी नहीं

इसके बारे में जब पहाड़ी नगर पालिका के अधिशाषी राजकुमार अधिकारी से बात की तो, उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं है। लाइट लगाने का काम अक्टूबर में शुरू किया गया था। कैसे यह लाइटें जलाई गई इसके बारे में नहीं पता।

## सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में विद्यार्थी निभा रहे हैं भागीदारी

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा यातायात पुलिस की सहयोग से मनाई जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चलकर भागीदारी निभाई है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि हमारे द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं को आयोजन कराया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई है। निबंध प्रतियोगिता में केशव दास विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के सोनाराम प्रथम, गौरी राजोरिया द्वितीय व राहुल कुशवाहा तृतीय स्थान पर है। न्यू एरा विद्यालय में अक्षिता मीणा, प्रथम कृतिका यादव द्वितीय व वैष्णवी गोयल तृतीय स्थान पर रहे। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में शिवानी प्रजापति प्रथम, सोनम द्वितीय व काजल तृतीय स्थान पर रही। पंडित उमादत्त पब्लिक स्कूल में हर्षिता त्यागी प्रथम, मुस्कान परमार द्वितीय व भात्य दीक्षित तृतीय स्थान पर रही।

# वी बी रामजी योजना फसल कटाई के समय रोकी जाएगी

## बीजेपी पूर्व सांसद बोले- देरी होने पर ब्याज के साथ मिलेगा पैसा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सवाई माधोपुर के पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया मंगलवार को भरतपुर पहुंचे। बीजेपी कार्यालय में उन्होंने बताया कि वीबी रामजी बिल के तहत 15 दिन के अंदर मजदूरों को पेमेंट दिया जाएगा। अगर पेमेंट नहीं होता है मजदूर को ब्याज के साथ सरकार पैसा देगी। साथ ही फसल कटाई के समय बीबी रामजी योजना 60 दिन के लिए रोक दी जाएगी। इस बिल का नाम बदलकर मजदूरों के लिए कई सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

### कांग्रेस ने नाम कई बार बदला

सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कहा कि,वी बी राम जी योजना पर जौनपुरिया ने कहा कि कांग्रेस ने नाम का उपयोग किया है। बीजेपी ने कभी भी किसी काम में नाम का उपयोग नहीं किया। आज कांग्रेस जिस बिल की बात कर रही है। सबसे पहले यह बिल कांग्रेस जवाहरलाल नेहरू के नाम पर ले आये। उसके बाद इंदिरा गांधी ने इस बिल को राष्ट्रीय ग्रामीण योजना में बदल दिया। उसके बाद मनमोहन सिंह ने इस बिल को राजीव गांधी के नाम से जोड़ दिया।

### कांग्रेस गांधी परिवार से बाहर नहीं निकल पाई

कांग्रेस ने इसी बिल को महात्मा गांधी के नाम से जोड़ दिया। कांग्रेस ने हमेशा एक परिवार के नाम को महत्त्व दिया है। उसी परिवार की बात करूं तो, इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से उड़ कर राजीव गांधी एयरपोर्ट पर उतर जाओ और, राजीव गांधी से उड़ो तो, संजय गांधी एयरपोर्ट पर उतर जाओ। कांग्रेस गांधी परिवार के अलावा बाहर नहीं निकल पाई।

### फसल कटाई के समय योजना को रोका जाएगा

अब वी बी रामजी योजना के तहत लोगों को 100 दिन की जगह 125 दिन रोजगार मिलेगा। फसल कटाई में 60 दिन के लिए यह योजना रोक दी जाएगी। क्योंकि यह मजदूर किसान के काम आ सकता है। उससे मजदूर को भी फायदा होगा। कभी कांग्रेस ने ऑब्जेक्शन नहीं उठाया कि इस योजना में 60-40 के रेशियो में क्या होगा। इस इसमें कई चीजों की स्टेट को पावर दी है जिससे स्टेट खुद ही पैसे का उपयोग कर सके। प्रधानमंत्री जो बिल लेकर आये उसमें कोई भी कमी नहीं है।



### 15 दिन में होगा मजदूरों का पेमेंट

इस बिल में जल संबंधित, सिचाई संबंधित काम, सफाई संबंधित काम कर लेंगे। पहले इस बिल के तहत काम करने वाले लोगों के 3 महीने तक पेमेंट नहीं आती थी। अब यह तय कर दिया गया है कि 15 दिन के अंदर पेमेंट होगी। अगर 15 दिन के अंदर पेमेंट नहीं हुई तो, मजदूर को ब्याज दिया जाएगा।

# नृसिंह कॉलेज में खेलकूद सप्ताह का भव्य शुभारंभ

### पहले ही दिन मैदान से इंडोर गेम्स तक छाया उत्साह, छात्रों ने दिखाया दमखम



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी ) ।** भरतपुर रोड स्थित श्री नृसिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान विड़यारी बयाना में खेलकूद प्रतियोगिता सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीपक तिवारी और कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी दहिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा बैडमिंटन खेलकर किया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत पारंपरिक खो-खो खेल से हुई। छात्र वर्ग में बीएससी प्रथम सेमेस्टर और जीएनएम प्रथम वर्ष की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

वहीं छात्रा वर्ग में बीएससी प्रथम वर्ष और चतुर्थ वर्ष की छात्राएं विजेता रहीं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। छात्र वर्ग में जीएनएम प्रथम वर्ष तथा बीएससी प्रथम सेमेस्टर और पाँचवें सेमेस्टर के खिलाड़ियों ने मुकाबले जीतकर आगे बढ़त बनाई। कबड्डी प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने दमदार खेल का परिचय देते हुए विजय हासिल की।

बैडमिंटन छात्रा वर्ग में बीएससी तृतीय सेमेस्टर और छठे सेमेस्टर की छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दौड़ प्रतियोगिता में छात्रों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। छात्र वर्ग से बीएससी प्रथम सेमेस्टर के राहुल और विकास, बीएससी तृतीय सेमेस्टर के अमन, पाँचवें सेमेस्टर के नीरज, छठे सेमेस्टर के राहुल, जीएनएम प्रथम वर्ष के मनीष और जगवीर, द्वितीय वर्ष के योगेश तथा तृतीय वर्ष के समय सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। छात्रा वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता भी खासा रोमांचक रही। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की आंची कुमारी, पाँचवें सेमेस्टर की मोनिका और प्रतिभा, छठे सेमेस्टर की पवना और सानिया तेंवर, चतुर्थ वर्ष की शीतल, जीएनएम प्रथम वर्ष की सुभद्रा और सपना तथा द्वितीय वर्ष की योगेश्वरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इंडोर गेम्स में शतरंज और कैरम प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शतरंज प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में बीएससी तृतीय सेमेस्टर के दीपक, छठे सेमेस्टर के आलोक और जीएनएम प्रथम वर्ष के सौरभ डागुर विजेता रहे।

## हथियापौर तिराहे पर वर्षों पुरानी समस्या का हुआ स्थाई समाधान, नगर पालिका प्रशासन की बड़ी पहल



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** नगर पालिका बाड़ी के प्रशासक श्री भगवत शरण त्यागी के स्पष्ट निर्देशों एवं मार्गदर्शन में अधिशाषी अधिकारी श्री अभिताभ बच्चन मीणा के सशक्त नेतृत्व में शहर की वर्षों पुरानी एक गंभीर समस्या का अंत किया गया। बारहमासी पीपल के समीप स्थित हथियापौर तिराहे पर लंबे समय से टूटा हुआ नाली कट आमजन, राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ था, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और तकनीकी टीम को निर्देश दिए कि नाली कट का अस्थाई नहीं बल्कि स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाए। निर्देशों की पालना में नगर पालिका की टीम द्वारा गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए नाली कट का मजबूती के साथ निर्माण कराया गया, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की टूट-फूट की संभावना समाप्त हो सके। इस टूटे हुए नाली कट के कारण बरसात के समय जलभराव, फिसलन एवं दुर्घटनाओं की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। अब स्थाई समाधान के पश्चात न केवल आवागमन सुचारू हुआ है, बल्कि क्षेत्र की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

## आरएसएस की स्थापना का जन्म शताब्दी वर्ष विद्या भारती द्वारा संचालित एवीएम स्कूल में हुआ सप्तशक्ती सम्मेलन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सप्तशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्या भारती द्वारा संचालित नागा बाबा पंचम गिरी उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर,कोट पाड़ा में हुए इस सम्मेलन में 190 महिलाओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अग्रवाल महिला मंडल धौलपुर की अध्यक्ष सरोज मंगल ने की। राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय बाड़ी की उप-प्राचार्य कीर्ति गर्ग मुख्य अतिथि रहीं,जबकि गायत्री परिवार धौलपुर की संरक्षक प्रतिभा गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। विद्या भारती संस्थान की जिला उपाध्यक्ष संध्या शर्मा विशिष्ट अतिथि थीं। अध्यक्ष सरोज मंगल ने अपने संबोधन में कहा कि परिवार को अपनी संस्कृति के अनुसार केवल माता ही गढ़ सकती है। उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को सुबह और शाम मिलकर ईश वंदना करने और साथ भोजन करने का आह्वान किया,जिससे परिवार स्वर्ग बनेगा और संयुक्त परिवार कहलाएगा।

# कोतवाली थाने पर हुई शांति समिति की बैठक

### गणतंत्र दिवस पर रहेगी शहर में विशेष सुरक्षा, सोशल मीडिया पर भ्रामक टिप्पणी पर कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कोतवाली थाने में मंगलवार को सीएलजी टीम, शांति समिति, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र और ग्राम रक्षक दल के सदस्यों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह पर शहर में मुख्य समारोह स्थल पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर चर्चा हुई साथ में कानून व्यवस्था को लेकर भी सीएलजी सदस्यों से सुझाव मांगे गए। बैठक में पुलिस प्रशासन ने सभी सदस्यों और शहर की गणमान्य लोगों को अवगत कराया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखी जायेगी। भ्रामक पोस्ट और किसी भी समाज और धर्म के खिलाफ कोई भी पोस्ट करने पर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए बाड़ी सर्किल अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गलत टिप्पणियां समाज विशेष या समुदाय विशेष के खिलाफ की जा रही थी,जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सभी सदस्यों को बैठक में अवगत कराया है कि वे लोगो में इसका संदेश दें कि किसी भी प्रकार से प्रशासन ऐसी भ्रामक पोस्टों को स्वीकार नहीं करेगा। सभी सोशल ग्रुपो के एडमिनो को भी सचेत किया गया है।



थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई है साथ में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सभी सदस्यों को पुलिस का सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस द्वारा लगातार शहर के ट्यूशन सेंटर, कोचिंग संस्थान और शहर में हर जगह पर लगातार गश्त की जा रही है। रात्रि गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा रहा है। बैठक में जो भी सुझाव सीएलजी सदस्यों या शांति समिति के लोगों से प्राप्त हुए हैं उन पर आगामी समय में काम किया जाएगा। बैठक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बाडी अभिताभ मीणा, पूर्व पार्षद राजकुमार भारद्वाज, महेश भटेले, कारी इस्लामुद्दीन, हरि पहाड़िया, अहमद जमा खां, मुकेश शर्मा, रामेंद्र मीना, इसरार खान, लखना यादव, मुन्ना मिस्त्री, नईम खान, ईशाक खाँ, जगदीश जगरिया, राकेश दीक्षित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं और कुष्ठ मुक्त समाज हमारी प्राथमिकता- उत्सव कौशल

## जिला कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, जागरूकता पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ संवेदनशीलता और तत्परता के साथ आमजन तक पहुंचाया जाए, ताकि अंतिम व्यक्ति तक भी सरकारी सेवाओं का प्रभावी लाभ मिल सके।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर कौशल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कुष्ठ रोग की पहचान संबंधी जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि त्वचा पर दाग, सुन्नपन या तंत्रिकाओं में सूजन जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच करानी चाहिए, क्योंकि बहु औषधि पद्धति से कुष्ठ रोग का पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों तक इस जागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही बताया गया कि जिले में 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' चलाया जाएगा।




जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने अस्पतालों से निकलने वाले बायो-मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अपशिष्ट के उत्पादन से लेकर उसके वैज्ञानिक निस्तारण तक की पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर परिषद के बीच समन्वय स्थापित कर सभी नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में चिकित्सकीय सेवाओं की समीक्षा करते हुए बताया गया कि विभाग के प्रयासों से 27 बच्चों की सफल सर्जरी कराई गई है। इस पर जिला कलेक्टर कौशल ने संतोष व्यक्त करते हुए पूरी चिकित्सा टीम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे मानवीय कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने समस्त औषधि केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

मातृत्व स्वास्थ्य को लेकर जिला कलेक्टर ने एएनसी प्रगति की समीक्षा की और गर्भवती महिलाओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा शत-प्रतिशत पंजीकरण पर जोर दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंघल ने जिले में मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में स्थिति सामान्य और नियंत्रण में है, फिर भी विभाग द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. विजय सिंघल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बीसीएमओ, सीएचसी प्रभारी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी तथा एनजीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विधायक मद से स्वीकृत एंबुलेंस का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा मंगलवार को उपजिला चिकित्सालय हेतु विधायक मद से स्वीकृत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एंबुलेंस वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री एवं पूर्व नपा अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार ने बताया कि एम्बुलेंस का लोकार्पण कार्यक्रम फतहलाल चंडालिया उपजिला चिकित्सालय में नवीन प्रयोगशाला भवन के समीप वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।साथ ही विधायक जीनगर द्वारा नवीन प्रयोगशाला भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन राज विजयवर्गीय,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,पूर्व भाजपा नगर मंडल पंकज सिरोया,पार्षद अकील शाह,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, किसान मोर्चा अध्यक्ष शम्भूलाल बागड़ा,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय सोनी,भाजपा एससी मोर्चा के भगीरथ चंदेल, आशीष सोनी,युवा नेता अभिषेक दुग्गड़,प्रतीक वैष्णव, नारायण सुथार,गिरिराज वैष्णव,भगवती आचार्य, अभिनव दुग्गड़,दीपक चंडालिया आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सागवान मूवी के प्रीमियर में हिमांशु सिंह राजावत के अभिनय को मिली खास सराहना



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** रिलायंस मॉल स्थित आईनॉक्स सिनेमा में आयोजित सागवान के प्रीमियर शो के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। फिल्म में सीआईडी क्राइम उदयपुर में कार्यरत हिमांशु सिंह राजावत ने मुख्य किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म में हिमांशु सिंह राजावत के सशक्त अभिनय, दमदार संवाद अदायगी और प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का ध्यान खींचा। प्रीमियर शो के दौरान कई दृश्यों पर तालियों की गडग़ड़ाहट गूंजती रही। दर्शकों का कहना था कि उनके किरदार में गंभीरता, संवेदनशीलता और सच्चाई का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला, जिसने फिल्म को और भी प्रभावी बना दिया। स्थानीय दर्शकों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिमांशु सिंह राजावत ने अपने अभिनय से यह साबित किया कि वे परदे पर भी पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ किरदार निभाने में सक्षम हैं। उनके अभिनय ने फिल्म की कहानी को मजबूती दी और दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। सागवान मूवी का प्रीमियर शो भीलवाड़ा में सफल रहा और विशेष रूप से हिमांशु सिंह राजावत के मुख्य किरदार को लेकर दर्शकों के बीच सकारात्मक चर्चा देखने को मिली।

## फर्जी अंकतालिका मामलाः रनायरा की पूर्व सरपंच गुड्डी बाई कोर्ट से बरी 10 साल बाद आया फैसला

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखण्ड क्षेत्र के रणायरा गांव में फर्जी अंकतालिका के आधार पर चुनाव जीतकर सरपंच बनने के मामले में चौमहला न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने ग्राम पंचायत रनायरा की पूर्व सरपंच गुड्डी बाई और एक अन्य आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है।

**क्या था पूरा मामला? :** मामले की शुरुआत 3 जुलाई 2015 को हुई थी। परिवादी श्रीमती सोनू पुत्री रामचंद्र (जाति विश्वकर्मा, निवासी देवरिया काँवल) ने न्यायालय एसीजेएम चौमहला में एक इस्तगासा पेश किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत रनायरा की नवनिर्वाचित सरपंच गुड्डी बाई (पत्नी विक्रम सिंह राजपूत) ने चुनाव लडऩे के दौरान अपनी शैक्षणिक योग्यता के संबंध में गलत जानकारी दी।

**आरोप: 8 वीं पास का झूठा शपथ पत्र दिया :** परिवादी का दावा था कि गुड्डी बाई ने चुनाव के समय खुद को आठवीं कक्षा पास बताते हुए फर्जी दस्तावेज पेश किए थे, जबकि वे इस पद के लिए अयोग्य थीं। आरोप था कि वास्तविक तथ्यों को छुपाकर और धोखाधड़ी कर फर्जी अंकतालिका के आधार पर चुनाव जीता गया। इस शिकायत पर थाना गंगधार में धारा 420, 467, 468, 471 और 120क्च के तहत मामला (नंबर 141/15) दर्ज किया गया था।

**न्यायालय का फैसला :** पुलिस द्वारा जांच पूरी कर कोर्ट में चालान पेश किया गया। लंबे समय तक चली सुनवाई और ट्रायल के बाद न्यायालय ने पाया कि आरोप पूरी तरह सिद्ध नहीं हो सके। साक्ष्यों के अभाव और तथ्यों में स्पष्टता न होने के कारण माननीय न्यायालय ने गुड्डी बाई व एक अन्य को 'संदेह का लाभ देते हुए बरी करने के आदेश दिए।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनारी में मंगलवार को सडक़ सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ।थाना गंगधार के ए एस आई मगनलाल ने यातायात नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी इस अवसर पर सिपाही नरेंद्र चौधरी एवं महिपाल जानी ने साइबर क्राइम बाल उत्पीडऩ सामाजिक कुरीतियों के बारे में जानकारी दी वाहन चलाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना हे , आवश्यकता के समय कौन से नंबर पर कॉल करके कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है , कार्यक्रम के दौरान छात्रों से जवाब सवाल किए गए छात्राओं ने कानूनी जानकारियां प्राप्त की इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य राम रूप गुर्जर एवं शारीरिक शिक्षक विक्रम सिंह ने बच्चों से संवाद किए और कानूनी जानकारियां प्राप्त दी।

'वार्तालाप' से संवाद की सशक्त शुरुआत: विकसित भारत-जी राम जी के संकल्प के साथ मीडिया की अहम भूमिका

# पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर की क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ब्यावर में संपन्न, विधायक शंकर सिंह रावत ने किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), जयपुर द्वारा मंगलवार को ब्यावर में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रावत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार मीडिया के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। विकसित भारत केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सुशासन, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का समग्र दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी कर्तव्यनिष्ठा, सत्य, सेवा और जनकल्याण की भावना से प्रेरित एक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर के निदेशक अनुभव बैरवा ने विभाग की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का उद्देश्य जिला स्तर पर कार्यरत पत्रकारों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं समसामयिक विषयों की प्रामाणिक और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि सरल भाषा में सही सूचना आमजन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मीडिया सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है तथा सटीक, तथ्यात्मक व समयबद्ध सूचना समाज के समग्र विकास में सहायक होती है।

इस अवसर पर प्रमोद कुमार मीना, सहायक श्रम आयुक्त (केंद्रीय), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने नई श्रम संहिताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 44 पुराने श्रम कानूनों को समेकित कर 4 श्रम संहिताएं लागू की गई हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और गरिमामय जीवन प्रदान करना है।कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री आर्ची जैन ने 'एक जिला एक उत्पाद' पहल की जानकारी दी। कार्यशाला के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एक दिवसीय प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें योजनाओं के उद्देश्य व लाभ चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किए गए।

कार्यक्रम में मीडिया एवं संचार अधिकारी श्री आशीष वर्मा ने मंच संचालन किया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पीआईबी जयपुर द्वारा फीडबैक भी संकलित किया गया।

## होमगार्ड जवानों ने 6 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर कपासन विधायक को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** होमगार्ड समन्वय समिति के संयोजन में मंगलवार को होमगार्ड जवानों द्वारा विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी अनुसार होमगार्ड समन्वय समिति के संयोजन में कपासन क्षेत्र के होमगार्ड जवानों द्वारा क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर को 6 सूत्रीय मांगों के जल्द निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। होमगार्ड समन्वय समिति के संयोजन में होमगार्ड जवानों द्वारा सौंपे गये ज्ञापन में उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ में सिविल रिठ पिटीशन हरिशंकर आचार्य बनाम राजस्थान सरकार के अंतरिम आदेश की पालना कर नियमित रोजगार दिया जाये।उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ में सिविल रिठ पिटीशन कुलदीप पाराशर बनाम राजस्थान सरकार के तहत होमगार्ड को सी एंड डी पोस्ट रिजर्वेशन दिया जाये।जयपुर में निर्णीत सी डब्ल्यू पालना में होमगार्ड को अन्य राज्यों की भांति महंगाई भत्ता दिया जाये।राजस्थान बजट घोषणा 2025 में होमगार्ड को ग्रेच्युटी देने के संबंध में घोषणा की गई थी।उसे पूर्णतया लागू किया जाये।होमगार्ड को इपीएफ एंड इएसआई की सुविधा दी जाये व होमगार्ड की आयु सीमा 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की जाये।होमगार्ड जवानों को पुलिस कांस्टेबलों की भांति वर्दी कीट ना देकर एक मुश्त नकद राशि दी जाये सहित होमगार्ड जवानों द्वारा 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। इस ज्ञापन प्रक्रिया के दौरान होमगार्ड जवान फतह सिंह,प्रेमशंकर,नारायणलाल,शाहरुख पठान गणपत सिंह,सुनील दाधीच,मुकेश कुमार,जीवन कुमावत, भैरूलाल, ॠषिराज,पंकज भट्ट,हीरापुरा,शंभुलाल, शंकर सिंह,अरुण व्यास,गोपाललाल आदि होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे।

## प्रजापत समाज की कुलदेवी श्री श्री श्रीयादे माता का जन्मोत्सव कपासन में हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रजापत समाज की कुलदेवी श्री श्री श्रीयादे माता का जन्मोत्सव मंगलवार को स्थानीय प्रजापत समाज के संयुक्त तत्वावधान में विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया।जिसमे सोमवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।इस दौरान धार्मिक गीत एवं भजनों का समाजजनों द्वारा भक्तिरस में झूमते-नाचते लुत्फ एवं आनंद उठाया गया।साथ ही मंगलवार 20 जनवरी प्रातः समाजजनों की उपस्थिति में विधिवत यज्ञ हवन के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद प्रजापत समाज कपासन के भवन स्थित मंदिर से श्री श्री श्रीयादे माता की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।उक्त शोभायात्रा नगर के बस स्टैंड,पांच बत्ती चौराहा,सुखाडिया मार्केट,लोड़किया चौक,सदर बाजार, पुलिस चौकी,पायक मोहल्ला से होकर शोभायात्रा यथास्थान समाज के भवन स्थित मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।शोभायात्रा में प्रजापत समाज के महिला,पुरुष,युवा सभी द्वारा पारंपरिक वेशभूषा धारण कर नाचते-गाते उत्साहपूर्वक भाग लिया।जिससे चहुंओर भक्तिमय वातावरण संचार होता रहा। इस दौरान पूर्व मातृकुंडिया प्रजापत समाज अध्यक्ष ताराचंद प्रजापत,महासचिव रमेश चंद्र,कांग्रेस नेता शंकरलाल प्रजापत कपासन,चुन्नीलाल,भवानीशंकर, रमेशचंद्र,नरेशचंद्र,भेरूलाल,राज कुमार,किशनलाल, रामलाल,लक्ष्मीनारायण,सुरेशचंद्र,रतन,विनोद ,रामचंद्र, गोपाललाल,शांतिलाल सहित तरावलिया,पडलाया, कपूरपुर,लुनिया एवं जालंधर गोत्र के समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रजापत समाज कपासन द्वारा कुलदेवी श्री श्री श्रीयादे माता से देश एवं समाज की सुख-समृद्धि,एकता एवं उन्नति हेतु कामना की गयी।

## श्रमिकों को सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी, (नि.स.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशन में सीवरेज परियोजना के तहत शहर के रामगंज बालाजी स्थित एसटीपी साइट पर कार्यरत श्रमिकों को सुरक्षा और श्रमिक कल्याण-कारी योजनाओ के प्रति जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में श्रमिकों की भूमिका पर बोलते हुये कैप -आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने बताया कि श्रमिक किसी भी शहर के विकास की नीव होते हैं। उनके बिना किसी शहर का विकास संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि सरकार अनेक योजनाएं चलाती हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में कई श्रमिक उनका उचित लाभ नहीं उठा पाते हैं। उन्?होंने श्रमिक कार्ड से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रम विभाग में पंजीकरण कराये। जिससे होने वाले लाभ को उठा सकें। श्रमिक कार्ड से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि श्रमिक कार्ड बनने के बाद दो बेटियों की शुभ शक्ति योजना पर सरकारी सहायता राशि, दुर्घटना होने पर एवं लडक़े व लडक़ी के जन्म पर सहायता राशि प्रदान की जाती है, इसके साथ ही कक्षा 6 से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा भी दी जाती है। 18 वर्ष से 58 वर्ष के कोई भी पुरुष व महिला इस कार्ड को बनवा सकते हैं।

## डीएमएफटी से बदलेगी ब्यावर की तस्वीर: खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास पर हुआ मंथन

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट ब्यावर की गवर्निंग काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार, 20 जनवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार, ब्यावर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय श्री अविनाश गहलोत, कैबिनेट मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार ने की बैठक में ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत एवं मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत की गरिमामय उपस्थिति रही। जिला कलेक्टर कमल राम मीना तथा सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अजमेर राम प्रकाश द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।बैठक के प्रारंभ में राम प्रकाश ने डीएमएफटी की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि डीएमएफटी के माध्यम से ब्यावर जिले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाए तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया बैठक में डीएमएफटी की नवीन अधिसूचना दिनांक 12.06.2025 के प्रावधानों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों से प्राप्त नवीन प्रस्तावों पर डीएमएफटी नियम-2025 एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप विभागवार चर्चा की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं सिलिकोसिस पीडित़ों को प्रदत्त आर्थिक सहायता के अनुमोदन, एसएनए के माध्यम से नवीन भुगतान प्रक्रिया, डीएमएफटी नियम-2025 के अंतर्गत तैयार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष ग्रामों की सूची, तथा मैनेजिंग कमेटी की बैठक दिनांक 14.11.2025 में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन पर सहमति व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त पूर्ववर्ती डीएमएफटी पाली द्वारा स्वीकृत कार्यों की बकाया देनदारियों पर भी चर्चा की गई।बैठक में विभिन्न विभागों के न्यासीगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें उपवन संरक्षक ब्यावर/भीलवाड़ा/राजसमंद/पाली, कोषाधिकारी, खनिज अभियंता एवं सहायक खनिज अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, कृषि, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजीविका, रोजगार, पशुपालन, नगर निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे। बैठक का समापन जिले के समन्वित विकास तथा डीएमएफटी योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के संकल्प के साथ किया गया।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा - भाजपाइयों ने की जमकर आतिशबाजी, मुंह मीठा कराया

# 'नितिन नवीन का निर्वाचन भाजपा के आंतरिक लोकतंत्र की विजय'

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा और ओजस्वी नेता नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भीलवाड़ा जिला भाजपा संगठन ने हर्ष व्यक्त किया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्थानीय सूचना केंद्र पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज के सान्निध्य में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नितिन नवीन जी की नियुक्ति इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ वंशवाद नहीं पनपता। यह किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां एक सामान्य परिवार से आने वाला, जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता अपनी योग्यता, निष्ठा और परिश्रम के बल पर सर्वोच्च पद तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की जीत है और एक नए युग की शुरुआत है। मात्र 45 वर्ष की आयु में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व संभालना नितिन नवीन जी के कुशल सांगठनिक कौशल और जमीनी कार्यकर्ताओं के प्रति शीर्ष नेतृत्व के भरोसे को दर्शाता है। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, विशाल गुरुजी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, शशांक बिड़ला, भूपेंद्र सिंह, अनिलंसिंह जादौन, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, अजय नौलखा, महेंद्र नायक, भगवत सिंह खैराबाद, इमरान कायमखानी, ॠतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, रमेश खोईवाल, मुकेश चेचाणी, विजय पोखरना, अनिल बल्दवा, अनिल जैन, मुकेश शर्मा देबू, सीपी जोशी, दीपक पाराशर सहित अनेक पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रीनलैंड के साथ कनाडा-वेनेजुएला पर अमेरिकी झंडा

# ट्रंप ने नए पोस्ट ने मचाया हड़कंप!

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वे अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ हैं और अमेरिकी ध्वज में कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया है। तस्वीर में ट्रम्प ओवल ऑफिस में बैठे हुए हैं, उनके साथ नाटो के नेता भी हैं, जिनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, इटली की जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल हैं। एक पोस्ट में ट्रंप को उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ग्रीनलैंड में अमेरिकी ध्वज फहराते हुए देखा जा सकता है, जिस पर एक माइलस्टोन लगा है जिस पर लिखा है, ग्रीनलैंड अमेरिकी क्षेत्र, स्थापना 2026।

### कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला पर ट्रंप का रुख

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के तुरंत बाद, ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका दक्षिण अमेरिकी देश को तब तक अपने अधीन रखेगा जब तक कि हम एक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं कर लेते। बाद में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने 8 जनवरी को इस रुख को दोहराते हुए कहा ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। जाहिर है, इस समय वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारियों पर हमारा पूरा प्रभाव है... उनके फैसले संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निर्देशित होते रहेंगे। पिछले साल ट्रंप ने सुझाव दिया था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बने। चुनाव जीतने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मई में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप के इस सुझाव को सिरे से खारिज कर दिया था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बने। उन्होंने कहा था, इच्छाओं और वास्तविकता में अंतर करना महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर नाटो के महासचिव मार्क रुट्टे से टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि वे दावोस में कई पक्षों से मिलेंगे। उन्होंने ग्रीनलैंड पर अपने रुख को दोहराते हुए इसे अमेरिकी और विश्व सुरक्षा के लिए अभिन्न अंग बताया।

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड के पिटुफिक बेस पर सैन्य विमान तैनात किए

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने के कदम के बाद बढ़ते तनाव के बीच, उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) द्वारा यह कहे जाने के कुछ घंटों बाद ट्रंप का यह बयान आया




कि संयुक्त राज्य अमेरिका ग्रीनलैंड के एक महत्वपूर्ण सैन्य अड्डे पर विमान तैनात करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) के अनुसार, विभिन्न दीर्घकालिक नियोजित गतिविधियों में सहयोग के लिए विमान जल्द ही पिटुफिक स्पेस बेस पर पहुंचेंगे।

## तमिलनाडु गवर्नर का बिना स्पीच दिए विधानसभा से वॉकआउट

### कहा- राष्ट्रगान का फिर अपमान हुआ; सीएम स्टालिन बोले- ये असेंबली की बेइज्जती



बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में फिर हाईलेवल ड्रामा हुआ। राज्यपाल आरएन रवि एक बार फिर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए स्पीच दिए बिना ही असेंबली से बाहर चले गए। पिछले सालों की तरह गवर्नर ने कहा कि तमिल गान के बाद राष्ट्रगान बजाया जाए। लेकिन स्पीकर अप्पावु ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद गवर्नर रवि शुरुआती भाषण पढ़े बिना ही विधानसभा से बाहर चले गए। इससे पहले 2024-25 में भी वे ऐसा कर चुके हैं। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि उनके भाषण में रुकावट डाली गई। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। राष्ट्रगान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। गवर्नर के वॉकआउट के बाद विपक्षी एआईएडीएमके के नेता भी असेंबली से बाहर चले गए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं तमिलनाडु सीएम ने इसे असेंबली का अपमान बताया है।

**लोक भवन बोला- गवर्नर का माइक बंद किया-** राज्यपाल के असेंबली से बाहर जाने के बाद लोक भवन ने प्रेस रिलीज जारी की। रिलीज में कहा गया कि एक बार फिर राष्ट्रगान का अपमान किया गया। गवर्नर का माइक बार-बार बंद किया गया। उन्हें बोलने नहीं दिया गया।

**सीएम बोले- राज्य को गवर्नर की क्या जरूरत-** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि यह कदम सदन की बेइज्जती करता है और असेंबली के प्रोटोकॉल के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मैं सीएन अन्नादुराई की बात याद दिलाना चाहूंगा जिन्होंने पहले कहा था, बकरे को दाढ़ी की क्या जरूरत है, और राज्य को गवर्नर की क्या जरूरत है। सीएम ने कहा कि गवर्नर पब्लिक प्लेटफॉर्म पर सरकार के खिलाफ गलत कैंपेन फैला रहे हैं। विधानसभा में इसी तरह का कदम उठाने की उनकी कोशिश मंजूर नहीं है।

## राजस्थान यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी भंग

### एक आदेश में सभी पदाधिकारी पदमुक्त; निष्क्रियता और गुटबाजी बनी वजह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस संगठन से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। यह आदेश मंगलवार को यूथ कांग्रेस प्रभारी विकास छींकारा, सह-प्रभारी ज्ञानेश शुक्ला और कपिल देसाई के हस्ताक्षरों से जारी किया गया। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लिया गया है। प्रभारी की रिपोर्ट के बाद कार्यकारिणी को भंग करने का फैसला किया गया।

**निष्क्रियता बनी बड़ी वजह-** सूत्रों के अनुसार, प्रदेश यूथ कांग्रेस की 344 पदाधिकारियों वाली जंबो कार्यकारिणी में अधिकांश पदाधिकारी लंबे समय से निष्क्रिय चल रहे थे। संगठन को जितनी सक्रियता की अपेक्षा थी, वह नजर नहीं आ रही थी। इसी कारण अब नई ऊर्जा और सक्रिय युवा नेतृत्व को जिम्मेदारी देने की तैयारी की जा रही है।

**पहले भी दिए गए थे नोटिस-** युवा कांग्रेस में करीब दो माह पहले 200 से अधिक निष्क्रिय पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से कई पदाधिकारियों ने नोटिस का जवाब तक नहीं दिया। बताया जा रहा है कि संगठन के भीतर गुटबाजी और धड़ेबंदी के चलते संगठनात्मक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। धरना-प्रदर्शन और बैठकों में भी पदाधिकारियों की उपस्थिति बेहद कम देखी जा रही थी।

## हाईकोर्ट ने कहा- नाता प्रथा से हुई शादी मान्य

### अगर वह दोनों समुदाय की प्रथाओं से हुई है; सरकारी कर्मचारी की पत्नी पेंशन की हकदार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पारिवारिक पेंशन से जुड़े एक मामले में अहम आदेश देते हुए कहा कि प्रदेश के कुछ ग्रामीण इलाकों में नाता प्रथा का प्रचलन है। यहां नाता प्रथा से हुए विवाह को भी मान्यता दी गई है। वहीं हिंदू विवाह अधिनियम-1955 की धारा-7 भी नाता विवाह को मान्यता देती है। अगर वह विवाह दोनों समुदाय की प्रथाओं से सम्पन्न हुआ हो। इसलिए इस स्वीकारोक्ति को ध्यान में रखते हुए हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि इस मामले में याचिकाकर्ता मृतक सरकारी कर्मचारी की पत्नी है। वह पारिवारिक पेंशन पाने की हकदार है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने यह आदेश रामप्यारी सुमन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

### सरकार ने पेंशन देने से कर दिया था इनकार

याचिकाकर्ता के वकील तुषार पंवार ने बताया- याचिकाकर्ता (रामप्यारी सुमन) का विवाह पूरनलाल सैनी से उनकी पहली पत्नी की मृत्यु के बाद नाता प्रथा के जरिए हुआ था। पूरनलाल सैनी पटवारी पद से रिटायर हुए थे। साल 2020 में उनकी मृत्यु के बाद याचिकाकर्ता ने पारिवारिक पेंशन के लिए आवेदन किया।

## असम में भीड़ ने घरों-चौकी में आग लगाई, हाइवे जाम

### कोकराझार में इंटरनेट बंद; देर रात मॉब लिंचिंग में एक की मौत हुई थी

बढ़ता राजस्थान

**कोकराझार (एजेंसी)।** असम के कोकराझार में बोडो समुदाय और आदिवासियों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद दोनों समुदायों ने घरों और करिगांव पुलिस चौकी में आग लगा दी।

भीड़ ने टायरों में आग लगाकर करिगांव के पास नेशनल हाइवे जाम कर दिया। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स तैनात कर दी है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अगले आदेश तक इंटरनेट पर भी रोक लगा दी है।

दरअसल, सोमवार रात करिगांव चौकी के पास मानसिंह रोड पर एक गाड़ी ने दो आदिवासी समुदाय के लोगों को टक्कर मार दी थी। कार में बोडो समुदाय के तीन लोग सवार थे।

हादसे के बाद कार सवार लोगों को आस-पास के आदिवासी ग्रामीणों ने पीटा और गाड़ी में आग लगा दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

**इलाज के दौरान घायल की मौत-** देर रात हुए भीड़ के हमले के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां सिखना ज्वह्वलाओ बिस्मित उर्फ राजा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह ठेकेदार मोरांडा बसुमतारी का दामाद था, जो इलाके में चल रही



सड़क निर्माण परियोजना से जुड़े हैं। इस हमले में प्रभात ब्रह्मा, जुबिराज ब्रह्मा, सुनील मुर्मू और महेश मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों के अनुसार, प्रभात ब्रह्मा की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर और इमरजेंसी सर्विसेज की टीम मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। हालांकि, कोकराझार और आसपास के इलाकों में अब भी तनाव का माहौल है। पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**सीएम ने लोगों से शांति की अपील की-** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कोकराझार में बढ़ते तनाव पर क्षेत्र के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने सामान्य स्थिति बहाल करने में तेजी लाने के लिए सामुदायिक और राजनीतिक नेताओं से पूरे सहयोग का आग्रह किया।

**पिछले साल दिसंबर में भी असम में हिंसा हुई थी-** पिछले साल 22 दिसंबर को भी असम के कार्बी आंगलोंग जिले में हिंसा भड़की थी। विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े आंदोलनकारी कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में पेशेवर चराई रिजर्व और ग्रामीण चराई रिजर्व में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाने की मांग कर रहे थे।

## किश्तवाड़ में आतंकवादियों की तलाश तीसरे दिन भी जारी

### आतंकी ठिकाना मिला, राशन-ताजी सब्जियां, अधपके अंडे मिले

बढ़ता राजस्थान

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बल लगातार तीसरे दिन भी आतंकियों की तलाश में जुटे हुए हैं। इसी बीच जवानों ने आतंकियों के एक ठिकाने को खोज निकाला। इसमें भारी मात्रा में राशन और सामान जमा था। पत्थरों से बनाए गए इस हाइड आउट को तिरपाल से छिपाया गया था। इसमें गैस सिलेंडर, चूल्हा, चावल, गेहूं का आटा, मसाले, इंस्टेंट नूडल्स, अधपके अंडे और ताजी सब्जियां मौजूद थीं। फर्श पर मिले कंबल बताते हैं कि ठिकाने का इस्तेमाल लंबे समय से हो रहा था। वहीं राशन की मात्रा से अंदाजा लगाया जा रहा है कि आतंकी यहां लंबे समय तक रुकने वाले थे। सुरक्षाबलों का दावा है कि आतंकियों तक यह पूरा राशन और सामान बिना लोकल सपोर्ट के पहुंच पाना संभव नहीं था। क्योंकि इतनी मात्रा में सप्लाई सिर्फ सीमा पार से नहीं आ सकती थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घने जंगल के बीच ढलान पर बना ठिकाना दूर से दिखाई नहीं देता था। यह आतंकियों की टैक्टिकल प्लानिंग दिखाता है।

## बीएमसी मेयर पद- शिवसेना ने फिर दावेदारी के संकेत दिए

### शिंदे बोले- कार्यकर्ताओं की इच्छा, बाल ठाकरे जन्मशती पर शिवसैनिक मेयर बने

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) मेयर पद पर शिवसेना की दावेदारी के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की जन्मशती वर्ष की शुरुआत हो रही है। शिवसैनिकों की इच्छा है कि इस मौके पर बीएमसी में शिवसेना का मेयर होना चाहिए।

हालांकि शिंदे ने यह भी स्पष्ट किया कि शिवसेना कोई ऐसा फैसला नहीं करेगी जो जनादेश के खिलाफ हो। उन्होंने याद दिलाया कि बीएमसी चुनाव शिवसेना और बीजेपी ने गठबंधन में लड़ा था। जिन नगर निगमों में शिवसेना और बीजेपी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा है, वहां महायुति का ही मेयर बनेगा।

महाराष्ट्र में बीएमएस समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे और 16 जनवरी को रिजल्ट आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा को 89 और शिंदे गुट को 29 सीटें मिली थीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी।

नतीजों के बाद शिवसेना ने अपने 29 पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में ठहराया है। हालांकि, पार्टी का कहना है कि होटल में पार्षदों के लिए ओरिएंटेशन वर्कशॉप किया जा रहा है, ताकि उन्हें देश की सबसे समृद्ध नगर निकाय बीएमसी के कामकाज की जानकारी दी जा सके।

### मेयर पद के लिए 22 जनवरी को निकालेगी लॉटरी

29 नगर निगमों में मेयर पद के लिए 22 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। इसमें यह तय होगा कि पद ओपन कैटेगरी, अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। कैटेगरी तय होते ही उसी दिन या अगले दिन अधिसूचना जारी की जाएगी।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं

### मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार; हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।' कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा- कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने का कह रहे है, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका



गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पॉडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा- बजट नीति का विषय है।

## जोधपुर में बस-ट्रेलर में भीषण भिड़ंत, 4 की मौत

### 17 घायल, बाइक सवार का पंजा कटकर अलग; रामदेवरा से दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** जोधपुर में बस और ट्रेलर की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में 4 लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। एक्सीडेंट जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-125 पर केरु गांव में मुलानाडा रॉयल्टी नाके के पास मंगलवार शाम 4:30 बजे हुआ। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस से जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचाया।

बस में सवार सभी लोग गुजरात के अरवल्ली जिले के रमाना रूपण गांव के रहने वाले हैं। वे रामदेवरा (जैसलमेर) में बाबा रामदेव के दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे। बस में 47 लोग सवार थे। हादसे के दौरान एक बाइक सवार भी चपेट में आ गया। उसके पैर का पंजा कटकर अलग हो गया। शास्त्री नगर थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया- बस में सवार रावल वीनू भाई (50) पुत्र चिमन भाई निवासी इंद्रा नगर वसानीरेल साबरकांठा, सुरेश (36) पुत्र लाला भाई निवासी तालुकाडा (अरवल्ली), वीनू भाई पुत्र मारोसा और जयेश पुत्र मारोसा की मौत हो गई। बस सवार 16 घायलों का एमडीएम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।